RNI NO. PUNBIL/2014/59416

UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

THE GOOD, BAD AND UGLY OF INDIA

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS

## गुस्ताखी माफ

बोर्ड-बैनरों की यहां, जगह-जगह भरमार।
नजर किसी पर आपकी, नहीं पड़ी सरकार।
नहीं पड़ी सरकार, लिखा हर इक के ऊपर।
कितनों पर हैं केस, कर दिये कितने अंदर।
कह साहिल कविराय, कई हैं खोदे बंकर।
यहां नशे से युद्ध, चल रहा बड़ा भयंकर।



प्रस्तुति : डॉ. राजेन्द्र साहिल

VOL: 03 | ISSUE 360 | SATURDAY DATE 17-01-2026 | RS 3 | PAGE-8 | PUBLISHED BY: DELHI | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com

## भारतीय युवा स्टार्टअप्स में नए रिकॉर्ड बना रहे हैं: पीएम मोदी



» नई दिल्ली, यूटर्न/ 16 जनवरी।

### बीते एक दशक में स्टार्टअप इंडिया मिशन क्रांति बना, लाखों लोगों के सपने हुए पूरे

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि बीते 10 वर्षों में स्टार्टअप इंडिया मिशन क्रांति बन चुका है। भारत आज दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम है।इस योजना ने लाखों लोगों के सपने पूरे करने में मदद की है।राष्ट्रीय राजधानी में स्थित भारत मंडपम में स्टार्ट इंडिया मिशन के 10 वर्ष पूरे होने पर लोगों को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, आज हम स्टार्टअप इंडिया के 10 साल पूरे होने का माइलस्टोन सेलिब्रेट कर रहे हैं। 10 साल की यह यात्रा सिर्फ एक सरकारी योजना के सफल होने की कहानी नहीं है, यह आप जैसे लाखों सपनों की यात्रा है। इस मौके प्रधानमंत्री ने स्टार्टअप इंडिया मिशन में योगदान देने वाले युवाओं की सराहने करते हुए कहा, हमारे यंग इनोवेटर्स, जिन्होंने नए सपने देखने का साहस दिखाया, मैं उन सभी की बहुत-बहुत सराहना करता हूं।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस के मौके पर देश के स्टार्टअप समुदाय को बधाई दी और कहा कि भारतीय युवा स्टार्टअप्स में नए रिकॉर्ड बना रहे हैं। श्री मोदी ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि यह दिन भारतीयों, खासकर युवाओं के साहस, नवाचार की भावना और उद्यमशीलता के जोश का जश्न मनाने का दिन है। उन्होंने युवाओं को वैश्विक स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र में भारत की तरक्की का श्रेय दिया।

प्रधानमंत्री ने कहा, अपने पक्के इरादे और लगन से हमारे युवा दोस्त स्टार्टअप की दुनिया में लगातार नए रिकॉर्ड बना रहे हैं।

उनका जोश और जुनून विकसित भारत के सपने को साकार करने में सबसे बड़ी ताकत बनेगा।

उन्होंने लगन के महत्व को बताते हुए एक संस्कृत श्लोक भी उद्धृत किया, जिसमें कहा गया है कि लगातार कोशिशों से सबसे मुश्किल काम भी पूरे किए जा सकते हैं, जैसे पानी की लगातार बूंदें समय के साथ चट्टान को भी घिस देती हैं।

गौरतलब है कि पिछले एक दशक में भारत दुनिया के सबसे बड़े स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र में से एक के रूप में उभरा है, जिसमें दिसंबर 2025 तक दो लाख से ज्यादा स्टार्टअप हैं। बेंगलुरु, हैदराबाद, मुंबई और दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) जैसे प्रमुख केंद्रों ने इस बदलाव का नेतृत्व किया है, घरेलू और वैश्विक निवेश को आकर्षित किया है। फिनटेक और हेल्थ टेक से लेकर स्वच्छ ऊर्जा और कृत्रिम बुद्धिमता (एआई) तक के क्षेत्रों में नवाचार को बढ़ावा दिया है। सरकार ने वर्ष 2016 में शुरू किए गए स्टार्टअप इंडिया कार्यक्रम ने नियामक बोझ को कम करने, पूंजी तक पहुंच में सुधार करने और उद्यमियों के लिए एक सहायक पारिस्थितिकी तंत्र बनाने पर ध्यान केंद्रित किया है, जिसमें युवा-नेतृत्व वाले नवाचार पर विशेष जोर दिया गया है।

## संक्षिप्त खबरें

### बांद्रा फैमिली कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी, परिसर में हड़कंप मचा

**मुंबई, यूटर्न/ 16 जनवरी।** मुंबई के बांद्रा स्थित फैमिली कोर्ट को शुक्रवार को बम से उड़ाने की धमकी भरा ईमेल मिला है। धमकी मिलते ही कोर्ट परिसर में हड़कंप मच गया और तुरंत सुरक्षा व्यवस्था सख्त कर दी गई। पुलिस ने लोकल थाने और बम निरोधक दस्ते (बम स्क्वॉड) को अलर्ट कर दिया। पुलिस सूत्रों के अनुसार, कुछ देर पहले फैमिली कोर्ट प्रशासन को यह धमकी भरा ईमेल प्राप्त हुआ। ईमेल में कोर्ट परिसर को बम से उड़ाने की चेतावनी दी गई थी। सूचना मिलते ही बांद्रा पुलिस और बम डिटेक्शन एंड डिस्पोजल स्क्वॉड (बीडीडीएस) की टीम मौके पर पहुंच गई। टीम ने कोर्ट के पूरे परिसर की गहन जांच-पड़ताल शुरू कर दी। स्निफर डॉग्स और अन्य उपकरणों की मदद से हर कोने की तलाशी ली जा रही है।

### अरुणाचल फेस्टिवल में किरेन रिजिजू ने डांस से जीता लोगों का दिल

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 16 जनवरी।** केंद्रीय अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू ने अरुणाचल प्रदेश में एक सांस्कृतिक कार्यक्रम में खूब नृत्य किया और नॉर्थ ईस्ट की सांस्कृतिक विविधता के शानदार एंबेसडर बन गए। उन्होंने शुक्रवार को सोशल मीडिया पर अपने डांस का एक वीडियो भी शेयर किया। केंद्रीय मंत्री ने अपनी पोस्ट में कहा, मैं अपने पारंपरिक विश्वास और संस्कृति से गहराई से जुड़ा हुआ हूं। इसके बिना मैं कुछ भी नहीं हूं। अका मिजी सांस्कृतिक शाम में मस्ती करना बहुत अच्छा लगता है। अरुणाचल प्रदेश के बाना में एकेए समुदाय के फेस्टिवल की गोल्डन जुबली के आखिरी दिन इस कार्यक्रम में शामिल होकर बहुत खुशी हुई। वीडियो में रिजिजू अपने पैर थिरकाते दिख रहे हैं। अलाव के चारों ओर खड़े अन्य प्रतिभागियों ने भी उनके डांस में शामिल होकर उनका उत्साह बढ़ाया।

### ममता बनर्जी जो दस्तावेज ले गईं, उसके बारे में जनता को जानने का हक: प्रवीण खंडेलवाल

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 16 जनवरी।** आई-पैक ऑफिस पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की रेड के खिलाफ पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के विरोध पर भाजपा सांसद प्रवीण खंडेलवाल ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि ममता बनर्जी ने पूरे मामले को राजनीतिक रंग दिया है, जिसकी अपेक्षा किसी भी राज्य के सीएम से नहीं की जा सकती। सांसद प्रवीण खंडेलवाल ने आईएएनएस से बातचीत में कहा कि कोलकाता में ईडी की कार्रवाई को सुप्रीम कोर्ट ने सही ठहराया है। इसके बावजूद ईडी पर गलत काम करने के आरोप लगाना एक ट्रेंड बन गया है। खंडेलवाल ने सवाल उठाया कि यदि कोई संवैधानिक संस्था अपने दायित्वों का निर्वहन कर रही है, तो क्या किसी मुख्यमंत्री को उसमें दखल देने, रुकावटें डालने या अहम दस्तावेजों को बचाने की कोशिश करने का अधिकार है? देश को यह जानने का हक है कि आखिर उन दस्तावेज में ऐसा क्या था, जिसे लेकर इतना विवाद खड़ा किया जा रहा है। यदि ममता बनर्जी सच्ची हैं, तो उन्हें सामने आकर स्पष्ट करना चाहिए।

## मकर संक्रांति एक भारत, श्रेष्ठ भारत का बेहतरीन उदाहरण बन गई है: शाह



**नई दिल्ली, यूटर्न/ 16 जनवरी।** राष्ट्रीय राजधानी में शुक्रवार को तीसरे अंतरराष्ट्रीय पतंग महोत्सव 2026 का रंगारंग आयोजन हुआ, जहां केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शिरकत की और मकर संक्रांति को एक भारत, श्रेष्ठ भारत का सशक्त उदाहरण बताया। उन्होंने कहा कि यह पर्व भारत की सांस्कृतिक एकता और विविधता के बीच गहरे जुड़ाव को दशार्ता है। इस मौके पर दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना और मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता भी मौजूद रहे। बड़ी संख्या में नागरिक, अधिकारी और अतिथि इस उत्सव का हिस्सा बने। अपने संबोधन में अमित शाह ने देशवासियों, खासकर किसानों को मकर संक्रांति और देश के अलग-अलग हिस्सों में मनाए जाने वाले अन्य फसल पर्वों की शुभकामनाएं दीं।

उन्होंने कहा, मैं देशवासियों, विशेष रूप से हमारे किसानों को मकर संक्रांति, पोंगल, लोहड़ी, माघ बिहू और उत्तरायण की बधाई देता हूं। उत्तरायण देश के अलग-अलग हिस्सों में अलग-अलग नामों से मनाया जाता है। यह एक महत्वपूर्ण पर्व है, क्योंकि हम सभी सूर्य भगवान पर बहुत अधिक निर्भर हैं। उन्होंने पर्व के महत्व को समझाते हुए कहा कि मकर संक्रांति उस दिन मनाई जाती है जब सूर्य मकर राशि में प्रवेश करता है। देश के कई हिस्सों में इस दिन को खिचड़ी उत्सव के नाम से भी जाना जाता है। यह मूल रूप से किसानों का त्योहार है। इसी दिन से किसान अपना नया साल शुरू करते हैं और नए कृषि चक्र की शुरूआत होती है।

## उद्धव ठाकरे और कांग्रेस का सफाया तय : चंदोलिया

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 16 जनवरी।



भाजपा सांसद योगेंद्र चंदोलिया ने कहा कि महाराष्ट्र के बृहन्मुंबई नगर पालिका (बीएमसी) चुनाव में महायुति शानदार जीत हासिल करने जा रही है। उन्होंने कांग्रेस सहित विपक्षी पार्टियों के गठबंधन को नापाक करार दिया और कहा कि जनता इन लोगों को कभी स्वीकार नहीं करेगी। उन्होंने शुक्रवार को समाचार एजेंसी आईएएनएस से बातचीत में कहा कि बीएमसी चुनाव में महायुति शानदार जीत हासिल करने जा रही है। शिवसेना और कांग्रेस को प्रदेश की जनता खारिज करने जा रही है। इन्हें कोई भी स्वीकार करने वाला नहीं है। खासकर, जिस तरह से इन लोगों ने गत विधानसभा चुनाव में नापाक गठबंधन किया था, उससे बाला साहेब ठाकरे के सम्मान को ठेस पहुंचा था, जिसे प्रदेश की जनता किसी भी सूरत में स्वीकार करने वाली नहीं है। महानगर पालिका की सभी सीटों पर भाजपा की जीत होने जा रही है।

उन्होंने कहा कि शिवसेना (यूबीटी) और कांग्रेस के गठबंधन से आहत हुए थे। लोगों में इसे लेकर आक्रोश है और मुझे यह कहने में कोई हिचक नहीं है कि लोगों का यह आक्रोश वोटिंग में देखने को मिलेगा। लोगों ने पूरा मन बना लिया है कि कैसे भी करके शिवसेना (यूबीटी) और कांग्रेस को सत्ता में आने नहीं देना है, क्योंकि ये दोनों एक ऐसे दल हैं, जिन्हें जनता के हितों से कोई सरोकार नहीं है। ये सिर्फ राजनीतिक रोटियां सेंकना जानते हैं। लेकिन, इस बार प्रदेश की जनता इनकी किसी भी प्रकार की ओछी राजनीति को स्वीकार नहीं करेगी।

## रुपया लेकर पट्टा करने वालों के विरुद्ध हो सख्त कार्रवाई : योगी

» गोरखपुर, यूटर्न/ 16 जनवरी।



लगातार दो दिन मकर संक्रांति/खिचड़ी महापर्व को लेकर श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुविधाओं के प्रबंधन तथा निगरानी में व्यस्त रहे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को जनता दर्शन का आयोजन किया। गोरखनाथ मंदिर में मुख्यमंत्री ने लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और शीघ्रता से निस्तारण के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। जनता दर्शन में भूमि पट्टा आवंटन से जुड़ी कतिपय शिकायतों पर गंभीर दिखे मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि जिस भी गांव में रुपया लेकर पट्टा आवंटन की शिकायत हो, वहां तत्काल जांच कर दोषी के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करें। गोरखनाथ मंदिर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन सभागार में शुक्रवार सुबह आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने करीब 200 लोगों की समस्याएं सुनीं। कुर्सियों पर बैठे लोगों तक खुद चलकर गए।

उनकी समस्याओं व शिकायतों को सुना और समझा। सबके प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित करते हुए त्वरित और संतुष्टिपरक निस्तारण का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने लोगों को भरोसा दिलाया कि सरकार हर पीड़ित की समस्या का समाधान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## राहुल गांधी 17 जनवरी को इंदौर के दूषित जल पीड़ितों से मिलेंगे

» भोपाल, यूटर्न/ 16 जनवरी।



कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी का मध्य प्रदेश की व्यापारिक नगरी इंदौर में 17 जनवरी को आगमन हो रहा है, जहां वे भागीरथपुरा के दूषित जल पीड़ित परिवारों से मिलेंगे। इस दौरान वे इंदौर में लगभग तीन घंटे रहेंगे।

कांग्रेस की ओर से दी गई आधिकारिक जानकारी में बताया गया है कि राहुल गांधी 17 जनवरी को सुबह सवा 11 बजे इंदौर पहुंचेंगे और दोपहर दो बजे तक रहेंगे। इस दौरान उनका भागीरथपुरा के पीड़ितों से मुलाकात, मृतकों के परिजनों से चर्चा और अस्पताल में उपचाररत पीड़ितों से मुलाकात प्रस्तावित है।

कांग्रेस की ओर से बताया गया है कि 17 जनवरी 2026 को मध्य प्रदेश के शहरी एवं ग्रामीण जिला कांग्रेस कमेटियों द्वारा जिला स्तर पर एक दिवसीय उपवास कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। यह उपवास दूषित पेयजल से हुई जनहानि, प्रशासनिक लापरवाही एवं भाजपा सरकार की संवेदनहीनता के विरोध में आयोजित किया जा रहा है। यह उपवास महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के कानूनी अधिकारों की रक्षा, श्रमिकों को उनके वैधानिक अधिकार दिलाना, इंदौर के भागीरथपुरा क्षेत्र में जहरीला पानी पीने से हुई मौतों के दोषियों पर कड़ी कार्रवाई तथा प्रदेशभर में लगातार गिरती पेयजल गुणवत्ता के मुद्दे पर भाजपा सरकार की जवाबदेही तय करना है। दरअसल, बीते दिनों भागीरथपुरा में दूषित पानी पीने से कई लोगों की मौत हो चुकी है, वहीं कई लोग अब भी उपचाररत हैं।

यूटर्न टाइम
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

# एम्स ने दिल्ली हाईकोर्ट में दाखिल की सुविधाओं की स्टेटस रिपोर्ट, अंसारी नगर में बनेगा 3000 बेड वाला विश्राम सदन

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 16 जनवरी।**

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) ने दिल्ली हाईकोर्ट में एक विस्तृत स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करते हुए एम्स के बाहर फुटपाथ पर सोने को मजबूर मरीजों के परिजनों और ठंड से हो रही परेशानियों पर अपना पक्ष रखा है।

रिपोर्ट में एम्स ने स्पष्ट किया कि वह एक मरीज केंद्रित संस्थान है और मरीजों व उनके परिजनों की कठिनाइयों के प्रति पूरी तरह संवेदनशील है।

एम्स ने अदालत को बताया कि देश के दूरदराज के इलाकों से इलाज के लिए आने वाले मरीजों और उनके तीमारदारों की जरूरतों को प्राथमिकता दी जा रही है। इसी क्रम में एम्स ने दिल्ली अर्बन शेल्टर इम्प्रूवमेंट बोर्ड को लगभग 80 शेल्टर स्थापित करने के लिए भूमि उपलब्ध कराई है। वर्तमान में तीन शेल्टर होम संचालित हो रहे हैं, जिनमें कुल 949 बेड की व्यवस्था की गई है। इन शेल्टर होम की क्षमता बढ़ाने के लिए डबल बेड भी




लगाए गए हैं, ताकि अधिक से अधिक लोगों को ठहरने की सुविधा मिल सके।

रिपोर्ट में यह भी बताया गया कि मरीजों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए रात के समय शटल सेवा के समय में विस्तार किया गया है। अब यह सेवा रात 3 बजे तक उपलब्ध है और सुबह 5 बजे से पुनः शुरू हो जाती है। मरीजों और उनके परिजनों की सहायता के लिए एक विशेष सहायता टीम का गठन किया गया है, जिसमें सुरक्षाकर्मी और शेल्टर होम के प्रबंधक शामिल हैं।

एम्स ने शेल्टर सुविधाओं की जानकारी लोगों तक पहुंचाने के लिए जागरूकता अभियान चलाने की भी योजना बनाई है। इसके तहत बस स्टैंड और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर घोषणाएं करने की तैयारी है। इसके अलावा बेड की उपलब्धता की जानकारी देने के लिए रियल टाइम डैशबोर्ड बनाने का प्रस्ताव भी रखा गया है।

लंबी अवधि की मानवीय योजना के तहत एम्स ने अंसारी नगर में 3000 बेड वाला एक विशाल विश्राम सदन बनाने का प्रस्ताव रखा है। यह नया विश्राम सदन पुराने 300 बेड वाले भवन की जगह बनेगा और एक प्रतिष्ठित गैरलाभकारी संस्था के सहयोग से विकसित किया जाएगा। इस परियोजना के लिए साइट सर्वे और वैधानिक प्रक्रियाएं शुरू हो चुकी हैं।

एम्स ने दोहराया कि करुणामय सेवा उसकी सार्वजनिक जिम्मेदारी का अहम हिस्सा है और संस्थान यह सुनिश्चित करेगा कि कोई भी मरीज या उसका तीमारदार असहाय न छोड़ा जाए।

## संक्षिप्त खबरें

### अस्पताल गए दंपती के बंद मकान को चोरों ने खंगाला

**गाजियाबाद, यूटर्न/ 16 जनवरी।** नंदग्राम थाना क्षेत्र में चोर बंद मकान का ताला तोड़कर घर में रखे सोने और चांदी के जेवर चोरी कर भाग गए। पीड़ित ने नंदग्राम थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। एसीपी नंदग्राम उपासना पांडेय ने बताया कि नंदग्राम के आर ब्लॉक में रहने वाले जयद्रथ स्वरूप के मुताबिक उनकी पत्नी बीमार हैं और अस्पताल में भर्ती हैं। 13 जनवरी की शाम करीब सवा सात बजे वह मकान का ताला लगाकर नेहरूनगर स्थित अस्पताल में भर्ती पत्नी का हाल जानने के लिए गए थे। करीब साढ़े आठ बजे वह घर लौटे तो मकान के मुख्य दरवाजे का ताला टूटा पड़ा था। अंदर जाकर देखा तो अलमारी का भी ताला टूटा था और सामान इधर-उधर बिखरा पड़ा था। जांच पड़ताल में पता चला कि चोरों ने अलमारी से दो सोने की चेन, पांच अंगूठी, दो मंगलसूत्र, दो जोड़ी कानों के झुमके, दो जोड़ी नोजपिन, मांग का टीका और चांदी के चार पॉजेब, एक हाथफूल, तीन सिक्के और बिछुआ आदि चोरी कर ले गए। एसीपी ने बताया कि घटनास्थल के आसपास की सीसीटीवी खंगाले गए हैं, कुछ संदिग्ध दिखाई पड़े हैं जल्द ही चोरों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### महाराष्ट्र में आज जश्न का दिन, बीएमसी चुनाव में जनता ने विपक्ष को दिया जवाबः तरुण चुघ

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 16 जनवरी।** महाराष्ट्र नगर निकाय चुनाव में भाजपा की जीत को लेकर भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुघ ने शुक्रवार को नई दिल्ली में प्रेसवार्ता कर विपक्ष पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि यह जश्न का दिन है। विपक्ष को जनता ने जवाब दे दिया है। भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुघ ने कहा, जनता ने विपक्ष को अपने वोट से झटका दिया है। आज महाराष्ट्र में सभी नगर समितियों और नगर निगमों के लोगों ने पीएम मोदी की नीतियों, उनके राष्ट्रवाद और विकसित भारत के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को आशीर्वाद दिया है। यह जीत साफ दिखाती है कि लोग पाकिस्तान सेना की धुन पर नाचने वालों को अपने वोटों से सबक सिखा रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह नतीजा राष्ट्रवादी ताकतों की जीत है। नतीजा घोषित होने से पहले गांधी-नेहरू परिवार के युवराज की तरह राहुल गांधी ने नए तरीके से अपना पुराना राग अलापना शुरू कर दिया।




## ठंड और कोहरे के चलते स्कूल छुट्टी का आदेश देर से जारी, बच्चों-अभिभावकों को परेशानी

» **नोएडा, यूटर्न/ 16 जनवरी।**

गौतमबुद्धनगर में ठंड और घने कोहरे के बीच जिला प्रशासन द्वारा 16 और 17 जनवरी को नर्सरी से लेकर कक्षा आठवीं तक के छात्रों के लिए अवकाश घोषित किए जाने का आदेश समय पर न पहुंच पाने को लेकर अभिभावकों में नाराजगी देखने को मिली।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी (बीएसए) कार्यालय की ओर से जारी यह आदेश शुक्रवार सुबह करीब 8 बजे सभी संबंधित विभागों और स्कूलों को भेजा गया, जबकि अधिकांश बच्चे तब तक अपने-अपने स्कूलों में पहुंच चुके थे। प्राप्त आदेश के अनुसार, जिलाधिकारी द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुपालन में ठंड, कोहरा और बढ़ते प्रदूषण को देखते हुए यह निर्णय लिया गया कि जनपद के परिषदीय, अशासकीय, राजकीय और मान्यता प्राप्त विद्यालयों में नर्सरी से कक्षा आठ तक के विद्यार्थियों के लिए 16 और 17 जनवरी 2026 को अवकाश रहेगा।

हालांकि आदेश में यह भी स्पष्ट किया गया कि शिक्षक, शिक्षिकाएं और अन्य कर्मचारी विद्यालय में उपस्थित रहेंगे। लेकिन समस्या यह रही कि आदेश देर से जारी और प्रसारित हुआ। सुबह-सुबह अभिभावक अपने बच्चों को रोजमर्रा की तरह स्कूल छोड़ने निकल पड़े। कई स्कूलों में तो बच्चे पहुंच भी गए और कुछ जगहों पर प्रार्थना सभा की तैयारी तक शुरू हो चुकी थी। इसके बाद जब बीएसए कार्यालय का पत्र स्कूलों को प्राप्त हुआ।

## आप ने लगाया दिल्ली सरकार पर शालीमार बाग में गरीबों के मकानों को तोड़ने का आरोप

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 16 जनवरी।**

दिल्ली की राजनीति में एक बार फिर सियासी घमासान तेज हो गया है। आम आदमी पार्टी (आप) ने दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और उनकी सरकार पर शालीमार बाग विधानसभा क्षेत्र में गरीबों के मकानों को तोड़ने का आरोप लगाते हुए कड़ा विरोध दर्ज कराया है।

आप के दिल्ली प्रदेश संयोजक सौरभ भारद्वाज और बुराड़ी से विधायक संजीव झा ने शालीमार बाग पहुंचकर प्रभावित परिवारों से मुलाकात की और उन्हें भरोसा दिलाया कि पार्टी उनके साथ खड़ी है और किसी भी सूरत में अन्याय नहीं होने देगी। सौरभ भारद्वाज ने मुख्यमंत्री पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि चुनाव के दौरान जिन लोगों के पैर



पकड़कर वोट मांगे गए, मुख्यमंत्री बनने के बाद उन्हीं गरीब परिवारों के मकान तोड़ने के आदेश दिए जा रहे हैं।

उन्होंने आरोप लगाया कि शालीमार बाग के निवासियों का कहना है कि मुख्यमंत्री के पति मनमानी कर रहे हैं और लोगों को धमकाया जा रहा है कि उनके मकान हर हाल में तोड़े जाएंगे। भारद्वाज ने कहा कि जब दिल्ली का तापमान 2.5 डिग्री सेल्सियस तक गिर चुका है और कड़ाके की ठंड पड़ रही है, ऐसे में लोगों को बेघर करना अमानवीय है। उन्होंने सवाल उठाया कि ठिठुरन भरी इस सर्दी में बेघर हुए लोग आखिर जाएं तो कहां जाएं। विधायक संजीव झा ने कहा कि शालीमार बाग में चल रही यह कार्रवाई गरीब और मेहनतकश परिवारों के साथ खुला अन्याय है। उन्होंने कहा कि सत्ता स्थायी नहीं होती, लेकिन जनता का विश्वास सबसे बड़ा होता है। दिल्ली ने पहले भी एक वोट की ताकत देखी है, जब अरविंद केजरीवाल की सरकार ने सड़कों, स्कूलों और मोहल्ला क्लीनिक जैसी बुनियादी सुविधाओं के जरिए जनता के जीवन में बदलाव किया। लेकिन आज वोट बदलने का नतीजा नोटिस और बुलडोजर के रूप में सामने आ रहा है।

## क्रॉकरी बनाने वाली फैक्टरी की लिफ्ट टूटने से दो मजदूरों की मौत, कारखाना सील; लापरवाही का मामला दर्ज

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 16 जनवरी।**

समयपुर बादली इलाके में क्रॉकरी बनाने वाली फैक्टरी की लिफ्ट टूटने से दो मजदूरों हरिओम (32) और संजय मिश्रा (45) की मौत हो गई। पुलिस ने फैक्टरी सील कर दी है। पुलिस ने लापरवाही से मौत का मामला दर्ज कर लिया है और लिफ्ट टूटने के कारणों की तकनीकी जांच कर रही है। बाहरी उत्तरी जिला पुलिस उपायुक्त हरेश्वर वी स्वामी ने बताया कि 14 जनवरी की शाम करीब 5.20 बजे पुलिस को समयपुर बादली में एक फैक्टरी के लिफ्ट



टूटकर गिरने और इसमें दो मजदूरों के घायल होने की जानकारी मिली। गली नंबर नौ में नेहा इंटरप्राइजेज नाम से क्रॉकरी बनाने वाली फैक्टरी में हादसा हुआ था।

पुलिस को पता चला कि घायलों पास के अस्पताल में लेकर गए हैं, जहां दोनों को मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में कर लिया।

छानबीन में पता चला कि काम करने के दौरान दोनों फैक्टरी की अलग-अलग मंजिलों पर सामान ऊपर-नीचे ले जाने वाली लिफ्ट में चढ़े। तभी लिफ्ट की केबल टूट गई और लिफ्ट नीचे गिर गई। हरिओम गली नंबर 9 समयपुर बादली इलाके में रहते थे जबकि संजय मिश्रा परिवार समेत सिरसपुर हरिजन बस्ती में रहते थे।

# जैतपुर में झगड़े के दौरान चले चाकू, एक की मौत, दो घायल, दो आरोपी पकड़े

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 16 जनवरी।**

राष्ट्रीय राजधानी के जैतपुर थाना क्षेत्र में चाकूबाजी की घटना में पुलिस ने एक नाबालिग समेत दो आरोपियों को पकड़ लिया है। पुलिस अन्य फरार आरोपियों की तलाश में लगातार दबिश दे रही है।

गुरुवार रात करीब 11 बजे जैतपुर के धर्मशाला रोड पर मारपीट की सूचना पीसीआर कॉल के माध्यम से मिली। सूचना मिलते ही जैतपुर पुलिस स्टेशन के अधिकारी और स्टाफ मौके पर पहुंचे। प्रारंभिक जांच में पता चला कि यह झगड़ा दो पक्षों के बीच एक आपसी परिचित को लेकर चल रहे निजी विवाद का नतीजा था।

जांच में सामने आया है कि मुख्य आरोपी दीपक, घटना से पहले शिकायतकर्ता प्रिंस (19) को सोशल मीडिया के माध्यम से लगातार परेशान कर रहा था। विवाद को सुलझाने के नाम पर दोनों पक्षों के बीच एक सुलह समझौता मीटिंग तय की गई, जिसमें पीड़ित पक्ष रात 11 बजे धर्मशाला रोड पर पहुंचा। हालांकि बातचीत के दौरान कहासुनी हो गई, जो देखते ही देखते हिंसक झगड़े में



बदल गई।

आरोपियों ने चाकू से हमला कर दिया और वारदात को अंजाम देने के बाद फरार हो गए। कृष्णा साहू (21) को सीने, कंधे और पीठ पर चाकू से कई वार किए गए। उसे तत्काल अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के ट्रॉमा सेंटर ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने कृष्णा को मृत घोषित कर दिया।

वहीं, सनी (21) को पेट और जांघ में चाकू के घाव आए हैं, जिनका अस्पताल में इलाज जारी है। शिकायतकर्ता प्रिंस (19) को मामूली चोटें आई हैं।

घटना की सूचना मिलते ही क्राइम टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और महत्वपूर्ण सुराग जुटाए। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज की समीक्षा की और जिला क्राइम टीम की मदद से फोरेंसिक साक्ष्य एकत्र किए। जांच के बाद पुलिस ने मीठापुर गांव निवासी आशीष (24), जो पेशे से ग्राफिक डिजाइनर है और एक 17 वर्षीय नाबालिग को धर दबोचा।

पुलिस ने संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है। अधिकारियों का कहना है कि हमले में शामिल अन्य आरोपियों की पहचान कर ली गई है और उन्हें जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। मामले की जांच जारी है।

# नगरपालिका से नगर परिषद् दर्जा देने पर पार्षद ज्योति बंसल ने मुख्यमंत्री नायब सैनी का जताया आभार एवं बजट हेतु दिए सुझाव

» **हरियाणा, यूटर्न/ 16 जनवरी।**



हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, हिसार में प्रदेश के विकास को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया। इस बैठक में प्रदेश के प्रत्येक नगर निगम व नगर परिषद से एक-एक पार्षद तथा प्रत्येक खंड से एक-एक सरपंच को आमंत्रित किया गया। बैठक का उद्देश्य आगामी बजट में जमीनी स्तर से जुड़े सुझावों को शामिल करना था, क्योंकि स्थानीय जनप्रतिनिधियों के पास ही वास्तविक स्थिति की सटीक जानकारी होती है। इस बैठक में बरवाला नगर परिषद के वार्ड नंबर 14 से पार्षद ज्योति बंसल ने भाग लिया। ज्योति बंसल बरवाला की सबसे युवा पार्षद हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री के समक्ष सफाई व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ व प्रभावी बनाने के लिए विशेष बजट प्रावधान किए जाने का सुझाव रखा। उन्होंने कहा कि जब तक देश स्वच्छ नहीं होगा, तब तक वह पूर्ण रूप से विकसित नहीं हो सकता। पार्षद ज्योति बंसल ने बरवाला नगरपालिका को नगर परिषद का दर्जा दिए जाने पर मुख्यमंत्री नायब सैनी का धन्यवाद भी व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह निर्णय बरवाला क्षेत्र के विकास की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है, जिससे नागरिक सुविधाओं में सुधार होगा।

# भ्रष्टाचार मुक्त शासन देश के विकास के लिए जरूरी




» **राजेश सलूजा**

हरियाणा, यूटर्न/ 16 जनवरी। उपायुक्त डा मुनीश नागपाल ने कहा कि भ्रष्टाचार किसी भी देश की प्रगति में सबसे बडी बाधा है। यह एक ऐसी दीमक है जो समाज की नींव को अंदर ही अंदर खोखला कर देती है। जब हम प्रशासन की बात करते हैं, तो हमारा तात्पर्य उस तंत्र से होता है जिसका काम जनता की सेवा करना है। लेकिन जब यही तंत्र स्वार्थ और लालच की भेंट चढ जाता है, तो आम नागरिक का भरोसा टूट जाता है। ऐसे में जिला के सभी अधिकारी ईमानदारी के साथ काम करते हुए लोगों की सेवा करें। उपायुक्त शुक्रवार को खाद्य एवं पूर्ति विभाग द्वारा भ्रष्टाचार विषय को लेकर आयोजित कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार मुक्त प्रशासन की आवश्यकता क्यों है। इसपर सभी को विचार करना चाहिए। एक पारदर्शी और ईमानदार प्रशासन के बिना किसी भी राष्ट्र का सर्वांगीण विकास असंभव है। इसके अभाव में गरीब और गरीब होता जाता है। सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्ति तक पहुँचने के बजाय बिचौलियों की जेब में चला जाता है। विकास की गति धीमी होती है। सड़कों, पुलों और अस्पतालों के निर्माण में खराब गुणवत्ता और धन की बबार्दी होती है। अन्याय बढ़ता है। जब न्याय और सुविधाएँ खरीदी जाने लगें, तो समाज में अराजकता फैलती है। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार मिटाने और प्रशासन को स्वच्छ बनाने के लिए केवल भाषण काफी नहीं हैं, बल्कि ठोस कदम उठाने की जरूरत होती है। तकनीक का उपयोग जब सेवाएँ ऑनलाइन होती हैं, तो सरकारी दफ्तरों के चक्कर काटने और रिश्वत देने की गुंजाइश कम हो जाती है। डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर इसका बेहतरीन उदाहरण है।

## मेघालय में कक्षा 6 से 10 तक के छात्रों के लिए कम्युनिटी-इंटीग्रेटेड स्किल लर्निंग को सरकार की मंजूरी

» **शिलांग, यूटर्न/ 16 जनवरी।**

मेघालय सरकार की कैबिनेट ने कक्षा 6 से 10 तक के छात्रों के लिए कम्युनिटी-इंटीग्रेटेड स्किल लर्निंग (सीआईएसएल) को पाठ्यक्रम का एक संरचित हिस्सा बनाने को मंजूरी दे दी है। मुख्यमंत्री कॉनराड के. संगमा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इसकी जानकारी दी है।

मेघालय के सीएम ने एक्स पर बताया कि अभी कक्षा 6 से 10 तक स्वास्थ्य और शारीरिक शिक्षा एक छठे विषय के रूप में पढ़ाई जाती है, लेकिन इसका अधिकांश हिस्सा किताबों और सैद्धांतिक जानकारी तक ही सीमित है। इस विषय को अधिक उपयोगी और व्यवहारिक बनाने के लिए मंत्रिमंडल ने इसमें कम्युनिटी इंटीग्रेटेड स्किल लर्निंग को जोड़ने का फैसला किया है।

इसके तहत छात्रों को अपनी रुचि और अपने परिवार या समुदाय की पृष्ठभूमि के अनुसार एक या एक से अधिक व्यावहारिक कौशल सीखने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। उदाहरण के लिए, यदि किसी छात्र के माता-पिता खेती से जुड़े हैं, तो छात्र अपने माता-पिता से सीधे कृषि से जुड़े कौशल सीख सकता है।

# नए बीज कानून में घटिया बीज बेचने के दोषियों पर 30 लाख का जुमार्ना और जेल : शिवराज सिंह चौहान



» **नयी दिल्ली, यूटर्न/ 16 जनवरी।**

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शुक्रवार को कहा कि प्रस्तावित नए बीज कानून में घटिया बीज बेचने के दोषियों पर 30 लाख का जुमार्ना और तीन साल तक की जेल की सजा का भी प्रावधान है। उन्होंने यहां संवाददाताओं से बातचीत में बताया कि नया बीज अधिनियम 2026 भारतीय कृषि क्षेत्र में एक ऐतिहासिक सुधार का कदम है।

उन्होंने कहा कि यह कानून नकली बीजों की समस्या को जड़ से खत्म करने, गुणवत्ता सुनिश्चित करने और बाजार में पारदर्शिता लाने के लिए बनाया गया है। उन्होंने कहा कि यह विधेयक किसानों की सुरक्षा, बीज की गुणवत्ता और पारदर्शिता सुनिश्चित करने वाला ऐतिहासिक कदम है।

श्री चौहान ने बताया कि अब देश में बीजों के लिए ह्यट्रेसिबिलिटीह्ल या पूरी जानकारी वाली व्यवस्था लागू की जाएगी। इसके तहत एक क्यूआर कोड भी होगा, जिसे स्कैन करते ही किसान को पता चल जाएगा कि बीज कहां उत्पादित हुआ, किस डीलर ने दिया और उसे किसने बेचा। इस सिस्टम से घटिया या नकली बीज की पहचान तुरंत हो जाएगी और दोषियों पर त्वरित कार्रवाई संभव होगी। उन्होंने कहा, खराब बीज आएंगे ही नहीं, और अगर आएंगे तो पकड़े जाएंगे। जिसने खराब बीज दिया, उसे दंड दिया जाएगा।

इससे किसानों को भ्रमित करने वाली कंपनियों और डीलरों की मनमानी पर लगाम लगेगी। श्री चौहान ने कहा कि बीजों की गुणवत्ता में लापरवाही अब बर्दाश्त नहीं होगी। साल 1966 के पुराने कानून में जुमार्ना मात्र 500 रुपये था, जिसे अब बढ़ाकर 30 लाख रुपये तक करने का प्रस्ताव है।

इसके साथ ही, जानबूझकर किसानों को धोखा देने वालों के लिए तीन साल तक की जेल की सजा का भी प्रावधान किया गया है। नए कानून के तहत अब हर बीज कंपनी के लिए पंजीकरण अनिवार्य होगा। इससे बाजार में केवल अधिकृत कंपनियां ही बीज बेच पाएंगी और फर्जी या अनधिकृत विक्रेताओं के लिए कोई जगह नहीं होगी। श्री चौहान ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि किसान अपने परंपरागत बीज बोने, आपस में बदलने या सवा गुना वापस करने की पारंपरिक प्रणाली को जारी रखने के लिए पूरी तरह स्वतंत्र हैं।

इस पर कोई पाबंदी नहीं लगाई गई है। उन्होंने उदाहरण दिया कि ग्रामीण इलाकों में बोनी के समय किसान आपस में बीज लेते-देते हैं और बाद में उसे सवा गुना वापिस कर देते हैं.

## श्रीनगर में ब्राउन शुगर जब्त, दो गिरफ्तार

**श्रीनगर, यूटर्न/ 16 जनवरी।** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि श्रीनगर में 14 ग्राम ब्राउन शुगर जब्त की गई है। इस दौरान पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के एक बयान में कहा गया है कि श्रीनगर पुलिस ने शुक्रवार को क्रालखुद पुलिस स्टेशन द्वारा किए गए नाका (चेकपोस्ट) चेकिंग अभियान के दौरान 14 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद की है। यह बरामदगी श्रीनगर के बरबरशाह इलाके के निवासी रईस अहमद डार उर्फ रईस बंदर और अबिश इम्तियाज भट के कब्जे से की गई। बयान में कहा गया है कि दोनों को नियमित चेकिंग के दौरान रोका गया, जिसके बाद नशीला पदार्थ बरामद किया गया। बयान में आगे कहा गया है कि क्रालखुद पुलिस स्टेशन में नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रॉपिक सब्सटेंसेस (एनडीपीएस) एक्ट की धारा 8, 21 और 29 के तहत एफआईआर दर्ज की गई है और आगे की जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस के बयान में कहा गया है कि जांच के तहत एक वाहन जब्त किया गया है। बयान में कहा गया कि ब्राउन शुगर के स्रोत का पता लगाने और इलाके में चल रही नशीले पदार्थों की आपूर्ति श्रृंखला में संभावित कड़ियों की पहचान करने के लिए जांच जारी है।

# भाजपा नेता कमल हंदूजा ने मुख्यमंत्री नायब सैनी का किया स्वागत

## ईडब्ल्यूएस आय सीमा बढ़ाने पर जताया आभार एवं मकर संक्रांति की शुभकामनाएं भी दी

» **हरियाणा, यूटर्न/ 16 जनवरी।**



भारतीय जनता पार्टी के जिला आईटी सह प्रमुख कमल हंदूजा ने हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी से मुलाकात कर आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (एहर) की आय सीमा 6 लाख से बढ़ाकर 8 लाख रुपये किए जाने पर उनका आभार व्यक्त किया। उन्होंने इस निर्णय को गरीब और मध्यम वर्ग के परिवारों के लिए बड़ी राहत बताते हुए कहा कि इससे शिक्षा और रोजगार के अवसरों में समानता आएगी।

मुख्यमंत्री नायब सैनी गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, हिसार में एक कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे थे। इस अवसर पर कमल हंदूजा ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया और शुभकामनाएं दीं।

इसके साथ ही कमल हंदूजा ने श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के पावन अवसर एवं मकर संक्रांति पर्व की शुभकामनाएं देते हुए मुख्यमंत्री को श्रीराम भगवान का स्वरूप भेंट किया। उन्होंने कहा कि यह समय देश की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक चेतना के लिए ऐतिहासिक है। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने भी शुभकामनाओं के लिए धन्यवाद देते हुए कहा कि प्रदेश सरकार समाज के हर वर्ग के उत्थान के लिए निरंतर कार्य कर रही है और जनकल्याणकारी योजनाओं को और अधिक प्रभावी बनाया जा रहा है।

# चुनाव आयोग जनता को गुमराह कर रहा, स्याही विवाद पर राहुल गांधी का हमला, भाजपा ने किया पलटवार

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 16 जनवरी।**



लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने भारतीय चुनाव आयोग (ईसीआई) पर तीखा हमला किया। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव आयोग ह्यवोट चोरीह्ल को बढ़ावा देकर लोकतंत्र में जनता का भरोसा कम कर रहा है। हालांकि, भाजपा ने राहुल गांधी के आरोप का तुरंत जवाब देते हुए कहा कि यह आने वाली हार से ध्यान भटकाने और आयोग को बलि का बकरा बनाने की कोशिश है।

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने शुक्रवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, चुनाव आयोग का नागरिकों को गुमराह करना ही हमारे लोकतंत्र में भरोसे के खत्म होने की वजह है। वोट चोरी एक राष्ट्र-विरोधी काम है। राहुल गांधी की चुनाव आयोग पर यह टिप्पणी महाराष्ट्र में 29 नगर निकायों के चुनावों के लिए वोटों की गिनती शुरू होने के कुछ ही देर बाद आई। भाजपा नेताओं ने राहुल गांधी पर पलटवार करते हुए कहा कि विपक्ष बीएमसी के साथ-साथ महाराष्ट्र के अन्य नगर निकायों में भी हार का सामना कर रहा है और इसलिए ऐसी चालें चल रहा है। राहुल गांधी के नेतृत्व वाले विपक्ष को ह्यबहाना ब्रिगेड बताते हुए शहजाद पूनावाला ने कहा, गिनती खत्म होने से पहले ही हार मान ली? राहुल वही कर रहे हैं जो वे सबसे अच्छा करते हैं, बदनाम करना, तोड़-मरोड़ कर पेश करना और गलत जानकारी देना। उन्होंने यह भी कहा कि स्याही विवाद की जांच होनी चाहिए, लेकिन गुरुवार की वोटिंग में धांधली की एक भी घटना सामने नहीं आई।

भाजपा प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने समाचार एजेंसी आईएएनएस से बातचीत में कहा कि राहुल गांधी एक देशद्रोही व्यक्ति हैं। उन्होंने कहा, जब भी चुनाव नतीजे उनके (कांग्रेस) पक्ष में नहीं आते, तो वह हमेशा हार का ठीकरा किसी और पर फोड़ने की कोशिश करते हैं। बीएमसी चुनावों के रुझानों से राहुल गांधी के ट्वीट से यह साफ है कि कांग्रेस पार्टी को भारी हार का सामना करना पड़ेगा।

गौरतलब है कि गुरुवार को स्याही विवाद तब खड़ा हो गया, जब कई दावे सामने आए कि वोटिंग के बाद मतदाताओं पर लगाई गई अमिट स्याही आसानी से मिट रही थी, जिससे चुनावों में धांधली की गुंजाइश बन रही थी। कांग्रेस समेत विपक्ष के कई नेताओं ने दावा किया कि कई बूथों पर मतदाता की उंगली पर निशान लगाने के लिए स्याही की जगह मार्कर का इस्तेमाल किया जा रहा था.

यूटर्न टाइम
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

## संक्षिप्त खबरें

### दुकान से घर लौट रहे बुजुर्ग को ट्रक ने मारी टक्कर, मौत

**साहिबाबाद, यूटर्न/ 16 जनवरी।** इंदिरापुरम थानाक्षेत्र के वसुंधरा सेक्टर पांच निवासी हरिहर प्रसाद (82) 13 जनवरी की रात ट्रक की चपेट में आ गए। हादसे में घायल बुजुर्ग की इलाज के दौरान नरेंद्र मोहन अस्पताल में मौत हो गई। बुजुर्ग के बेटे सुभाष चंद्र की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ 15 जनवरी को प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की है। दर्ज मामले में सुभाष चंद्र ने बताया कि मंगलवार रात करीब 11 बजे उनके पिता नरेंद्र मोहन अस्पताल के पास संचालित दुकान बंद करके घर लौट रहे थे। इस दौरान हादसा हो गया। वहीं आरोपी चालक वाहन को छोड़ कर मौके से भाग गया। एसीपी साहिबाबाद श्वेता यादव ने बताया कि ट्रक को कब्जे में ले लिया गया है। चालक को ट्रेस किया जा रहा है, जल्द ही गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### फ्लाईओवर की सीढ़ियों से गिर युवक की मौत

**लोनी, यूटर्न/ 16 जनवरी।** बंथला फ्लाईओवर की सीढ़ियों से गिर कर घायल हुए युवक की दिल्ली के जीटीबी अस्पताल में मौत हो गई। आसपास के लोगों ने युवक के गिरने की सूचना पुलिस को दी थी। एसीपी लोनी सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली कि न्यू विकास नगर कॉलोनी में रहने वाले जय सिंह (19) बुधवार शाम करीब साढ़े पांच बजे बंथला फ्लाईओवर पर बनाई गई सीढ़ी से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया है। घटना की सूचना राहगीरों ने पुलिस कंट्रोल रूम को दी थी। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को निजी अस्पताल में भर्ती कराया। गंभीर हालत के चलते घायल को जीटीबी अस्पताल रेफर कर दिया। पुलिस कर्मी परिजनों को सूचना देकर जीटीबी अस्पताल लेकर पहुंचे। उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई।

# जाम कम करने के लिए दिल्ली में पहली बार राइट-लेफ्ट पार्किंग शुरू, नेहरू प्लेस-कालकाजी रोड पर ट्रायल

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 16 जनवरी।**



दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने जाम कम करने के लिए दिल्ली में पहली बार राइट-लेफ्ट पार्किंग शुरू की है। इसकी पहल करते हुए भीड़भाड़ वाली जगहों को राइट-लेफ्ट पार्किंग चुना गया है। इस कदम से एक दिन सड़क के दाहिनी ओर और अगले दिन बाईं ओर पार्किंग की जा सकेगी। माना जा रहा है कि इससे जाम कम होगा। इस पहल को सबसे पहले बृहस्पतिवार नेहरू प्लेस से कालकाजी जाने वाले रोड पर आजमाया गया।

दिल्ली ट्रैफिक पुलिस के अतिरिक्त पुलिस आयुक्त दिनेश कुमार गुप्ता ने बताया कि अभी इसका विशलेषण किया जाना बाकी है, मगर शुरूआत में ये पहल काफी सफल रही है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार बृहस्पतिवार देर रात तक ट्रैफिक स्मूथ चल रहा था। पहले दिन बारीकी से निरीक्षण किया जा रहा था।

हालांकि जानकारों का कहना है कि इस पहल को सफल बनाने के लिए ट्रैफिक पुलिस को इसे साफ निशान और साइनबोर्ड के साथ ठीक से लागू करने होगा।

इस पहले डेवलपमेंट से जुड़े ट्रैफिक अधिकारियों ने कहा कि अगर यह कदम सफल होता है, तो इसे राजधानी के उन सभी बाजारों में लागू किया जाएगा जहां भीड़भाड़ वाली गलियां हैं और कोई सेंट्रल वर्ज नहीं है। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त ने बताया कि यदि कारों को सड़क के एक ओर पार्क किया जाता है तो दोनों ओर ट्रैफिक आसान हो जाएगा, क्योंकि इससे ट्रैफिक फ्लो के लिए ज्यादा जगह मिलेगी।

## नेहरू प्लेस-कालकाजी रोड पर शुरू की गई

यह पायलट प्लान सबसे पहले नेहरू प्लेस-कालकाजी रोड पर शुरू किया गया है। यहां सड़क के दोनों ओर दुकानें हैं और दुकानदार और मार्केट के पीछे रहने वाले निवासियों की कारें सड़क पर पार्क होती हैं। एक वरिष्ठ ट्रैफिक पुलिस अधिकारी ने कहा कि दुकानदारों और एरिया की आरडब्ल्यूए ने एक तरफ स्थायी पार्किंग पर आपत्ति जताई थी, उन्होंने कहा कि उन्हें भी सड़क के अपनी ओर पार्क करने की अनुमति होनी चाहिए। उनसे सहयोग पाने और इलाके में शांति बनाए रखने के लिए, हमने बारी-बारी से पार्किंग का फैसला किया। हमें उम्मीद है कि ज्यादातर बाजारों में भी ऐसा ही होगा।

## स्थानीय लोगों ने चिंता जताई

पुलिस अधिकारियों ने कहा कि स्थानीय लोगों ने इस बात पर भी चिंता जताई कि यह पहल कैसे काम करेगी क्योंकि सड़क पर पार्क होने वाली कारों की संख्या तो नहीं बदलेगी। स्थानीय लोगों के साथ दो मीटिंग हुईं और उन्होंने इस बात पर चिंता जताई कि सड़क के सिर्फ एक तरफ इतनी सारी कारों के लिए जगह कैसे बनेगी। हमने उन्हें बताया कि कारें तिरछी पार्क की जाएंगी, सीधी नहीं, जिससे ज्यादा जगह मिलेगी।

## पॉक्सो कानून का मकसद है यौन शोषण रोकना, सहमति से बने रोमांटिक रिश्तों को अपराध बनाना नहीं

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 16 जनवरी।**



दिल्ली हाईकोर्ट ने एक फैसले में 19 वर्षीय आरोपी को पॉक्सो एक्ट के तहत दर्ज मामले में नियमित जमानत दे दी है। अदालत ने स्पष्ट किया कि यह कानून नाबालिगों को यौन शोषण और दुरुपयोग से बचाने के लिए बनाया गया है, न कि युवाओं के बीच सहमति से बने रोमांटिक रिश्तों को अपराधी बनाने के लिए।

न्यायमूर्ति विकास महाजन की एकल पीठ ने सोनू हलधर नाम के युवक को जमानत देते हुए यह आदेश दिया। कोर्ट ने कहा कि पॉक्सो एक्ट का इरादा 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को यौन शोषण से सुरक्षा प्रदान करना है, न कि निकट आयु के युवकों के बीच स्वैच्छिक संबंधों को दंडनीय बनाना। मामले के अनुसार, आरोपी और पीड़िता (जो नाबालिग थी) के बीच एक स्वैच्छिक रोमांटिक रिश्ता था। संबंध के दौरान पीड़िता गर्भवती हो गई, जिसके बाद मामला दर्ज हुआ। आरोपी और पीड़िता की उम्र में ज्यादा फर्क नहीं था। दोनों के संबंध स्वेच्छा से थे।

अदालत ने कहा पूर्व-ट्रायल हिरासत दंडात्मक नहीं हो सकती। संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत व्यक्तिगत स्वतंत्रता के अधिकार को पॉक्सो एक्ट के उद्देश्यों के साथ संतुलित करना होगा। कोर्ट ने यह भी दोहराया कि आरोपी की निरंतर हिरासत मामले की परिस्थितियों में जरूरी नहीं थी।



## 48 घंटे बाद भी नहीं हुई ऑटो में सवार मृतक की पहचान

**लोनी, यूटर्न/ 16 जनवरी।** ट्रॉनिका सिटी औद्योगिक क्षेत्र में अज्ञात की हत्या कर ऑटो सहित जलाने के मामले में शव की शिनाख्त 48 घंटे बाद भी नहीं हुई है। पुलिस को पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार है। पुलिस की टीम घटना के खुलासे के लिए सीसीटीवी और डंप डाटा की मदद ले रही है। एसीपी लोनी सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि शव की शिनाख्त के लिए पुलिस ने अभी तक 50 से अधिक गुमशुदगी खंगाली हैं। मृतक का हुलिया नहीं पता चला है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर मौत के कारण का पता चलेगा। पुलिस की टीम ऑटो चालक मालिक नवीन निवासी डाबर तालाब अल्वी नगर कॉलोनी को तलाश कर रही है। नवीन नशे का आदी था इसलिए परिजनों को भी उसका नहीं पता है। परिजनों ने उसकी गुमशुदगी भी दर्ज नहीं कराई है। नवीन का फोन भी 6 जनवरी से बंद है। ऑटो में मिला शव नवीन का है या किसी और का इसकी जांच की जा रही है। पुलिस की टीम रास्तों में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाल रही है। पुलिस अभी तक 60 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल चुकी है। बता दें कि ट्रॉनिका सिटी औद्योगिक क्षेत्र के खाली मैदान में बुधवार को ऑटो जला हुआ मिला था। ऑटो में अज्ञात का शव भी जला हुआ मिला था।

## मॉडलिंग कराने का झांसा देकर ठगी

**गाजियाबाद, यूटर्न/ 16 जनवरी।** साइबर ठगों ने नंदग्राम में रहने वाले दंपती को उनके बेटे को मॉडलिंग कराने का झांसा देकर टेलीग्राम टॉस्क के जरिये 6.97 लाख रुपये की ठगी कर ली। दंपती को मॉडलिंग में चयन होने के लिए टॉस्क के जरिये 100 प्वाइंट बनाने का झांसा दिया था। दूसरी वारदात साइबर ठगों ने मुरादनगर में रहने वाले मोहित अग्रवाल से की। मोहित अग्रवाल से क्रिप्टो करेंसी में निवेश कराकर सात लाख छह हजार 700 रुपये ठग लिए। दोनों पीड़ितों ने साइबर थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। एसीपी अपराध भास्कर वर्मा ने बताया कि नंदग्राम के संगम विहार में रहने वाले ललित कुमार कौशिक के मुताबिक उनकी पत्नी पायल कौशिक की फेसबुक पर स्पार्किंग चाइल्डहुड नाम की आईडी से मैसेज आया। इसके बाद साइबर ठगों ने बताया कि उनके बेटे की मॉडलिंग में शुरूआत करने के लिए उन्हें टेलीग्राम टॉस्क पर 100 प्वाइंट बनाने होंगे। दंपती झांसे में आ गए और ठगी का शिकार बन गए।

# तेज रफ्तार ट्रैक्टर से कुचलकर मासूम की मौत

» **खोड़ा, यूटर्न/ 16 जनवरी।**




वंदना एन्क्लेव में स्कूटी से जा रहे पिता-पुत्र को पानी का टैंकर ले जा रहे तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने चपेट में ले लिया। वाहन के पहिये के नीचे आने से चार वर्षीय बेटे की मौत हो गई। हादसे में पिता बाल-बाल बच गया। बच्चे के चाचा पवन सिंह की तहरीर पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर ट्रैक्टर मालिक को हिरासत में लिया है। उससे पूछताछ की जा रही है। खोड़ा थाना पुलिस के अनुसार, पवन सिंह ने बताया कि उनके भाई संदीप सिंह उत्तराखंड के हरिद्वार में परिवार समेत रहते हैं। कुछ दिन पहले संदीप ने उनसे फोन पर दिल्ली घूमने की बात कही थी। 13 जनवरी को वह अपनी पत्नी और बेटे आरव के साथ उनके घर खोड़ा पहुंचे थे।

14 जनवरी को संदीप स्कूटी से आरव को बाजार घुमाने ले जा रहे थे। घर से महज 30 मीटर दूर तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने उनकी स्कूटी में टक्कर मार दी। स्कूटी पर संदीप के पीछे बैठा आरव इससे सड़क पर गिर गया। ट्रैक्टर का पहिया उसे कुचलते हुए निकल गया। आरोप है कि इसके बावजूद चालक ने ब्रेक नहीं लगाए।

लहूलुहान आरव को परिजन तत्काल नोएडा स्थित सरकारी अस्पताल ले गए। वहां गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उसे दिल्ली के एम्स रेफर कर दिया। एम्स की दूरी ज्यादा होने के कारण परिजन उसे नजदीक ही स्थित मेट्रो अस्पताल ले गए। वहां डॉक्टरों ने बच्चे को मृत घोषित कर दिया।

## शायद उत्तराखंड से खींच लाई बेटे की मौत

पवन सिंह ने बताया कि संदीप होटल में नौकरी करते हैं। वह कई वर्षों से हरिद्वार में रह रहे हैं। यहां उनका आना बेहद कम हो पाता है। लंबे समय से वह सभी से मिलने की बात कह रहे थे, लेकिन किसे मालूम था कि इस इच्छा के पीछे अनहोनी के बादल छा रहे हैं।

# दिल्लीवासियों की सांसों पर संकट बरकरार

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 16 जनवरी।** राजधानी में लगातार चौथे हवा बेहद खराब श्रेणी में बरकरार है। एयर क्वालिटी अर्ली वार्निंग सिस्टम फॉर दिल्ली द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, शुक्रवार सुबह दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 345 दर्ज किया गया है, जो बेहद खराब श्रेणी में आता है। इससे पहले बृहस्पतिवार को वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 343 दर्ज किया गया था। वहीं, केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) का पूर्वानुमान है कि शनिवार तक हवा बेहद खराब श्रेणी में बरकरार रहेगी और रविवार को गंभीर श्रेणी में पहुंचने की आशंका जताई है। सीपीसीबी के आंकड़ों से पता चलता है कि दिल्ली के विभिन्न इलाकों में एक्यूआई का स्तर काफी अधिक है। सीपीसीबी के आंकड़ों के अनुसार, दिल्ली के अलीपुर में 331, आनंद विहार में 354, अशोक विहार में 367, आया नगर में 305, बवाना में 363, बुराड़ी में 325, और चांदनी चौक इलाके में 370 एक्यूआई दर्ज किया गया है। वहीं, डीटीयू इलाके में 332, द्वारका सेक्टर-8 में 369, आईजीआई एयरपोर्ट टी3 में 280, आईटीओ में 362, जहांगीरपुरी में 385, लोधी रोड में 323, मुंडका में 383, नजफगढ़ में 289, नरेला में 332, पंजाबी बाग में 370, आरकेपुरम में 374, रोहिणी में 374, सोनिया विहार में 368, विवेक विहार में 386, और वजीरपुर में 374 एक्यूआई दर्ज।

## दुबई के जहाज पर तैनात मरीन इंजीनियर ईरान में फंसे, पिता ने सरकार से मांगी मदद

**गाजियाबाद, यूटर्न/ 16 जनवरी।** ईरान और अमेरिका के बीच चल रहे विवाद के बीच डीएलएफ के रहने वाले मरीन इंजीनियर अपने साथियों के साथ ईरान में फंस गए हैं। इसके बाद से परेशान परिवार ने बेटे को वापस लेकर आने के लिए पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग और विदेश मंत्रालय में गुहार लगाई है। इंजीनियर के पिता मुकेश मेहता ने बताया कि उनका बेटा केतन मेहता दुबई के एमटी ब्रिलिएंट रॉर पर थर्ड इंजीनियर के रूप में तैनात है। उन्होंने बताया कि 6 जनवरी को उनके पास एक महिला ने कॉल कर बताया कि केतन को ईरान रिवोल्यूशनरी गार्ड ने पकड़ा है। इसके बाद उन्होंने केतन की नौकरी लगवाने वाले नवी मुंबई के एजेंट से संपर्क किया तो उसने जानकारी दी कि ईरान से दुबई डीजल लेकर जा रहे जहाज को पकड़ने के बाद केतन के साथ अन्य 15 को गिरफ्तार किया गया है।

# टेलीग्राम प्रीपेड टास्क के बहाने ठगी में एक आरोपी गिरफ्तार

» **फरीदाबाद, यूटर्न/ 16 जनवरी।**




टेलीग्राम पर प्रीपेड टास्क के बहाने 9.34 लाख रुपये की ठगी में एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी 21 साल का राजीव यूपी जालौन का रहने वाला है इससे पूछताछ में सामने आया कि आरोपी राजीव बैंक खाताधारक है। इसने अपना खाता आगे किसी को दिया था। इसके खाते में ठगी के 60 हजार रुपये आये थे।

पुलिस प्रवक्ता यशपाल सिंह ने बताया कि इस मामले में पूर्व में 8 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। अब पकड़े गए राजीव को 4 दिन के रिमांड पर लेकर साइबर क्राइम थाना सेंट्रल टीम पूछताछ कर रही है।

ठगी को लेकर पुलिस को ये शिकायत सेक्टर-77 के रहने वाले व्यक्ति ने दी थी। शिकायत में आरोप लगाया गया कि उनके व्हॉट्सएप पर एक अंजान नंबर से एक लिंक आया। इस पर पार्ट-टाइम काम के लिए गूगल मेप्स पर रेटिंग और कमेंट करने के लिए कहा गया। लिंक पर क्लिक करते ही वह एक टेलीग्राम ग्रुप में जुड़ गए। उन्होंने टेलीग्राम प्रीपेड टास्क के तहत अलग-अलग ट्रांजेक्शन में 9.34 लाख रुपये कर दिए। बाद में कोई रिफंड नहीं मिला तो मामला पुलिस तक पहुंचा। साइबर क्राइम थाना सेंट्रल की टीम ने एफआईआर दर्ज कर जांच करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया है।

## संक्षिप्त खबरें

### रुपया शुरुआती कारोबार में 10 पैसे टूटकर 90.44 डॉलर पर

**विदेशी पूंजी की निकासी और डॉलर की मजबूती से घरेलू मुद्रा हुई प्रभावित**

**मुंबई, यूटर्न/ 16 जनवरी।** रुपये में लगातार तीसरे सत्र में शुक्रवार को भी गिरावट जारी रही और यह 10 पैसे टूटकर 90.44 प्रति डॉलर पर पहुंच गया। विदेशी पूंजी की निरंतर निकासी और डॉलर के मजबूत रुख से घरेलू मुद्रा पर दबाव बना रहा। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि कच्चे तेल की कम कीमतों और शेयर बाजार के सकारात्मक माहौल ने घरेलू मुद्रा को हालांकि निचले स्तर पर समर्थन दिया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 90.37 प्रति डॉलर पर खुला। फिर डॉलर के मुकाबले 90.44 पर आ गया जो पिछले बंद भाव से 10 पैसे की गिरावट दर्शाता है। रुपया बुधवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 90.34 पर बंद हुआ था। मुंबई में बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) चुनाव के अवकाश के मद्देनजर बृहस्पतिवार को विदेशी मुद्रा बाजार बंद थे। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.02 प्रतिशत की गिरावट के साथ 99.10 पर रहा।

### नए कर्तव्य भवन में तैयार हो रहा केंद्रीय बजट

**वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 1 फरवरी को केंद्रीय बजट पेश करेंगी**

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 16 जनवरी।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण जब 1 फरवरी को केंद्रीय बजट पेश करेंगी, तो यह कई मायनों में ऐतिहासिक क्षण होगा। यह किसी भी वित्त मंत्री द्वारा लगातार पेश किया जाने वाला नवां केंद्रीय बजट होगा, जो अपने आप में एक रिकॉर्ड है। इसके साथ ही पहली बार बजट रविवार के दिन संसद में पेश किया जाएगा। इस बार बजट की एक और खास बात यह है कि इसे पहली बार कर्तव्य भवन में तैयार किया गया है। यह भवन नई दिल्ली के सेंट्रल विस्टा कॉम्प्लेक्स का हिस्सा है और अब वित्त मंत्रालय का नया घर बन चुका है। दशकों तक रायसीना हिल्स स्थित नॉर्थ ब्लॉक में बजट निर्माण की परंपरा रही, लेकिन महज 2.5 किलोमीटर की दूरी पर स्थित कर्तव्य भवन युगांतकारी बदलाव का प्रतीक बन गया है। नॉर्थ ब्लॉक की लाल पत्थर की भव्य इमारत वर्षों तक बजट निर्माण की गवाह रही है।

# भारत अंतरराष्ट्रीय फोरम पर जापान के साथ काम करने को सर्वाधिक प्राथमिकता देता है: एस जयशंकर

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 16 जनवरी।**



भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने भारत और जापान के बीच संबंधों की सराहना की। ईएएम जयशंकर ने कहा कि भारत क्वाड, संयुक्त राष्ट्र और जी-20 जैसे अंतरराष्ट्रीय मंचों पर टोक्यो के साथ काम करने को सर्वोच्च प्राथमिकता देता है। नई दिल्ली में आयोजित 18वें इंडिया-जापान रणनीतिक डायलॉग के दौरान जापानी समकक्ष तोशिमित्सु मोटेगी के साथ अपनी शुरूआती बातों में विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा कि दोनों देशों के बीच संबंध आर्थिक रिश्ते से बदलकर व्यापक और रणनीतिक हो गए हैं। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा, आज जब मैं आपका स्वागत कर रहा हूं, तो मैं इस बात पर जोर देना चाहता हूं कि भारत जापान के साथ अपनी दोस्ती को बहुत ज्यादा प्राथमिकता देता है, और पिछले दो दशकों में, हम इस रिश्ते को एक ऐसे रिश्ते में बदलने में सफल रहे हैं जिसका फोकस व्यापक, अर्थपूर्ण और रणनीतिक है। हम अंतरराष्ट्रीय फोरम पर जापान के साथ काम करने को सबसे ज्यादा प्राथमिकता देते हैं, और क्वाड, संयुक्त राष्ट्र, हमारी जी4 सदस्यता, और जी20 तुरंत दिमाग में आते हैं।

उन्होंने आगे कहा, ह्रजब मैं इस रिश्ते के बारे में सोचता हूं, तो यह याद रखना जरूरी है कि यह जापान के प्रधानमंत्री थे जिन्होंने भारतीय संसद में अपने भाषण में इंडो-पैसिफिक को एक राजनीतिक, आर्थिक और रणनीतिक बनावट के तौर पर उभरने की नींव रखी थी। इंडो-पैसिफिक के लिए हमारा नजरिया आपके फ्री और ओपन इंडो-पैसिफिक नजरिए से काफी मिलता-जुलता है।

अपने संबोधन के दौरान विदेश मंत्री ने मौजूदा अनिश्चित वैश्विक हालात के बीच भारत और जापान के साझा रणनीतिक लक्ष्यों की ओर मिलकर काम करने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने तोशिमित्सु मोटेगी का गर्मजोशी से स्वागत किया और अपनी पिछली मुलाकात को याद किया।

उन्होंने कहा, हम अग्रणी लोकतंत्र हैं। हम दुनिया की बड़ी अर्थव्यवस्था हैं, और आज हमारे पास न सिर्फ एक मौका है, बल्कि वर्ल्ड ऑर्डर को आकार देने की एक जिम्मेदारी, एक कर्तव्य भी है। मौजूदा अनिश्चित वैश्विक हालात में, यह और भी जरूरी है कि हम साझा रणनीतिक लक्ष्यों की ओर मिलकर काम करें।

बता दें, भारत और जापान 2027 में राजनयिक संबंधों की 75वीं सालगिरह मनाएगा। इसे लेकर विदेश मंत्री ने कहा, ह्रखास, रणनीतिक और वैश्विक साझेदारी लगातार ऊपर की ओर बढ़ रही है। आज हमारी द्विपक्षीय बातचीत में, मुझे उम्मीद है कि हम आपके साथ हमारे रिश्तों की खास जरूरतों पर बात कर पाएंगे, जिनमें से कुछ पर तब भी बात हुई थी जब आप प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिले थे। लेकिन, इसके अलावा, क्योंकि आप यहां फिलीपींस से आ रहे हैं, यह हमारे इंडो-पैसिफिक कन्वर्जेंस को दिखाता है। विदेश मंत्री जयशंकर ने आगे कहा कि आप कतर, इजरायल और फिलिस्तीन भी गए हैं। तो, यह उस इलाके में हमारे मिले-जुले फायदों को दिखाता है, जैसा कि आप इसे वेस्ट एशिया, मिडिल ईस्ट कहते हैं।

# सिंगापुर मोटर शो में 7वीं जनरेशन की आइकॉनिक फेयरलेडी झेड शोकेस




**नई दिल्ली, यूटर्न/ 16 जनवरी।** ऑटोमोबाइल कंपनी निसान ने 2026 सिंगापुर मोटर शो में 7वीं जनरेशन की आइकॉनिक फेयरलेडी झेड को शोकेस किया। यह कार पिछले 50 वर्षों से ग्लोबल कार कल्चर का अहम हिस्सा रही है। नई फेयरलेडी झेड को क्लासिक निसान झेड मॉडल्स और मोटरस्पोर्ट से जुड़े रेसिंग डीएनए से इंस्पायर्ड डिजाइन में तैयार किया गया है, जिसे आधुनिक तकनीक के साथ जोड़ा गया है। निसान फेयरलेडी झेड में ट्विन-टर्बोचार्ज्ड वी6 इंजन दिया गया है, जो करीब 400 हॉर्सपावर की ताकत पैदा करता है। यह कार परफॉर्मेंस और स्टाइल का बेहतरीन संतुलन पेश करती है। इसके साथ ही इसमें निसान की इंटेलिजेंट मोबिलिटी टेक्नोलॉजी दी गई है, जिससे ड्राइविंग अनुभव ज्यादा स्मार्ट और सुरक्षित बनता है। इसका एक्सटीरियर स्पोर्टी और अग्रेसिव है, वहीं इंटीरियर में मॉडर्न फीचर्स और ड्राइवर-फोकस्ड लेआउट देखने को मिलता है। स्पोर्ट्स कार के अलावा निसान ने अपने इलेक्ट्रिक और हाइब्रिड व्हीकल पोर्टफोलियो से भी पर्दा उठाया। कंपनी ने सेरेना ई-पावर स्मार्ट 8 हाईवे स्टार और सेरेनाई-पावर टूरिंग एडिशन को पेश किया, जो 7 और 8-सीटर एमपीवी सेगमेंट में आते हैं।

# बजाज पल्सर क्लासिक की वापसी की हो रही चर्चा

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 16 जनवरी।**



भारतीय बाजार में बजाज पल्सर ने ग्राहकों की परफॉर्मेंस बाइक्स की सोच को बदल दिया है। जब भारतीय बाजार माइलेज-केंद्रित कम्यूटर बाइक्स से भरा था, तब पल्सर 150 और 180 ने युवाओं को ताकत और स्टाइल का नया विकल्प दिया। अब 2026 में चर्चा है कि बजाज पल्सर क्लासिक की वापसी कर सकता है, इस बार रेट्रो लुक और आधुनिक तकनीक के साथ।

शुरुआती पल्सर मॉडल्स अपनी मस्कुलर डिजाइन, स्पोर्टी राइडिंग पोजिशन और दमदार इंजन के लिए जाने जाते थे। फ्रंट डिस्क ब्रेक और चौड़ा फ्यूल टैंक उस दौर में इसे अलग पहचान देते थे। यही वजह थी कि कॉलेज स्टूडेंट्स और युवा प्रोफेशनल्स के बीच पल्सर तेजी से लोकप्रिय हुई।

समय के साथ पल्सर ने खुद को लगातार अपडेट किया। डीटीएस-आई टेक्नोलॉजी, नए ग्राफिक्स और आधुनिक फीचर्स ने इसकी अपील को और बढ़ाया। 2007 में पल्सर 220 के लॉन्च ने इस ब्रांड को परफॉर्मेंस सेगमेंट में और मजबूत किया। 2025 तक आते-आते पल्सर एनएस400झेड जैसी बाइक के जरिए यह ब्रांड हाई-परफॉर्मेंस कैटेगरी में भी पहुंच चुका है।

हालांकि, इस विकास के दौरान शुरुआती पल्सर की सिंपल और रॉ अपील कहीं पीछे छूट गई। यही वजह है कि आज रेट्रो-स्टाइल बाइक्स के बढ़ते क्रेज के बीच पल्सर क्लासिक की वापसी की मांग उठ रही है। अगर 2026 में यह बाइक आती है, तो इसमें क्लासिक डिजाइन के साथ एलईडी लाइटिंग, डिजिटल इंस्ट्रूमेंट क्लस्टर और आधुनिक सेफ्टी फीचर्स देखने को मिल सकते हैं। परफॉर्मेंस के लिहाज से 150सीसी, 180 सीसी या 220सीसी इंजन विकल्प पल्सर क्लासिक को ज्यादा राइडर्स के लिए आकर्षक बना सकते हैं।



# मार्च में ह्रभारत इलेक्ट्रिसिटी समिट 2026 का होगा आयोजन

**स्वच्छ ऊर्जा और मजबूत बिजली व्यवस्था पर रहेगा फोकस**

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 16 जनवरी।** सरकार के अनुसार भारत अब ऊर्जा की भरपूर उपलब्धता के नए दौर में प्रवेश कर चुका है। अब देश में बिजली की कमी नहीं, बल्कि अतिरिक्त बिजली को सही तरीके से संभालने, मजबूत व्यवस्था बनाने और सभी को अच्छी सर्विस देने की बात हो रही है। इसी दिशा में भारत इलेक्ट्रिसिटी समिट 2026 का आयोजन किया जा रहा है। यह विद्युत और ऊर्जा क्षेत्र से जुड़ा एक बड़ा अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन और प्रदर्शनी होगा, जो 19 से 22 मार्च तक राष्ट्रीय राजधानी में आयोजित किया जाएगा। ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल के अनुसार यह सम्मेलन सिर्फ अब तक की उपलब्धियों को दिखाने तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि यह आने वाले समय में मिलकर क्या किया जा सकता है, उसका रास्ता भी तैयार करेगा। उन्होंने कहा कि इस सम्मेलन में तकनीक बनाने वाली कंपनियां, बुनियादी ढांचा विकसित करने वाले संगठन, नए विचार लाने वाले लोग और फैसले लेने वाले अधिकारी एक ही मंच पर आएंगे। मंत्री ने बताया कि यह सम्मेलन ऐसा मंच होगा, जहां भारत की स्थानीय क्षमताएं और दुनिया की वैश्विक सोच मिलकर एक टिकाऊ और मजबूत बिजली भविष्य तैयार करेंगी।

# फैमिली-फ्रेंडली सीएनजी कारों को पसंद कर रहे ग्राहक

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 16 जनवरी।**




एफवाय 2025 के बिक्री आंकड़े बताते हैं कि अब ग्राहक केवल छोटी हैचबैक तक सीमित नहीं हैं, बल्कि बड़ी और फैमिली-फ्रेंडली सीएनजी कारों को भी तेजी से अपनाया जा रहा है। भारत में बढ़ती पेट्रोल-डीजल कीमतों और कम रनिंग कॉस्ट की जरूरत ने सीएनजी कारों की मांग को बीते वित्त वर्ष में रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंचा दिया है। इसी बदलते ट्रेंड में एक 7-सीटर सीएनजी कार ने वैगनआर और डिजायर जैसी लोकप्रिय गाड़ियों को पीछे छोड़ते हुए बिक्री के मामले में पहला स्थान हासिल किया है।

एफवाय 2025 में मारुति सुजुकी अर्टिगा सीएनजी देश की सबसे ज्यादा बिकने वाली सीएनजी कार बनकर उभरी। पूरे वित्त वर्ष के दौरान इसे 1,29,920 ग्राहकों ने खरीदा। स्पेसियस 7-सीटर लेआउट, आरामदायक केबिन और कम ईंधन खर्च के कारण यह कार बड़े परिवारों के साथ-साथ टैक्सी ऑपरेटरों की भी पहली पसंद बनी। खास बात यह रही कि अर्टिगा सीएनजी की मांग सिर्फ मेट्रो शहरों तक सीमित नहीं रही, बल्कि छोटे शहरों और कस्बों में भी इसकी बिक्री में तेज उछाल देखा गया। माइलेज के मामले में भी अर्टिगा सीएनजी मजबूत दावेदार साबित हुई। कंपनी के अनुसार यह कार करीब 26 किमी प्रति किलोग्राम तक का माइलेज देती है, जो रोजाना लंबी दूरी तय करने वाले ग्राहकों के लिए काफी फायदेमंद है। कम रनिंग कॉस्ट और भरोसेमंद परफॉर्मेंस ने इसे एक प्रैक्टिकल फैमिली कार के रूप में स्थापित किया।

टाटा पंच सीएनजी और मारुति ब्रेजा सीएनजी जैसी गाड़ियों की मजबूत बिक्री से साफ है कि एसयूवी खरीदार भी अब सीएनजी विकल्पों को गंभीरता से देख रहे हैं। एफवाय 2025 की सूची में दूसरे स्थान पर मारुति वैगनआर सीएनजी रही, जिसकी बिक्री 1,02,128 यूनिट दर्ज की गई, जबकि तीसरे नंबर पर मारुति डिजायर सीएनजी ने 89,015 यूनिट की बिक्री की। हालांकि ये दोनों मॉडल लंबे समय से लोकप्रिय रहे हैं, लेकिन इस बार 7-सीटर विकल्प ने बाजी मार ली। सीएनजी सेगमेंट में एसयूवी की मौजूदगी भी बढ़ती नजर आई।

# स्पोर्ट्स बाइक कावासाकी निंजा 300 पर बड़ा डिस्काउंट ऑफर

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 16 जनवरी।** जनवरी 2026 में बाइक निर्माता कावासाकी कंपनी ने अपनी लोकप्रिय स्पोर्ट्स बाइक कावासाकी निंजा 300 पर बड़ा डिस्काउंट ऑफर किया है। कंपनी द्वारा इस बाइक पर सीधे 28 हजार रुपये तक की छूट दी जा रही है। यह ऑफर सीमित समय के लिए है और महीने के अंत तक मान्य बताया जा रहा है। डिस्काउंट से पहले कावासाकी निंजा 300 की एक्स-शोरूम कीमत करीब 3.17 लाख रुपये थी। लेकिन छूट के बाद इसकी कीमत घटकर लगभग 2.89 लाख रुपये रह गई है। इस नई कीमत पर यह बाइक उन राइडर्स के लिए ज्यादा आकर्षक विकल्प बन गई है, जो मिड-साइज ट्विन-सिलेंडर स्पोर्ट्स बाइक खरीदने की योजना बना रहे थे, लेकिन कीमत के कारण पीछे हट रहे थे। भारतीय बाजार में निंजा 300 को लॉन्च हुए एक दशक से ज्यादा हो चुका है। डिजाइन और फीचर्स के मामले में यह बाइक अब नई जनरेशन की स्पोर्ट्स बाइक्स के मुकाबले थोड़ी पुरानी जरूर लगती है, लेकिन इसकी बिल्ड क्वालिटी और राइडिंग स्टेबिलिटी आज भी भरोसेमंद मानी जाती है।

## एसआईआर दिलाएगा मताधिकार: सूची में अभी तक जुड़े एक लाख 96 हजार नए मतदाता

**गाजियाबाद, यूटर्न/ 16 जनवरी।** विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान के तहत नए मतदाताओं को जोड़ने का अभियान तेजी से चल रहा है। इसके अभी तक कुल एक लाख 96 हजार मतदाताओं के आवेदन मिल चुके हैं। जिले में अधिक से अधिक नए मतदाताओं को जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी सौरभ भट्ट ने बताया कि एक जनवरी, एक अप्रैल, एक जुलाई और एक अक्तूबर तक जो युवा 18 वर्ष के हो जाएंगे वह मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज कराने के लिए आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने अपील की है कि जो युवा 18 वर्ष के हो गए हैं या होने वाले वह फॉर्म-6 भरकर आवेदन कर सकते हैं। फॉर्म-6 मतदेय स्थलों पर बीएलओ के पास मिल जाएंगे नहीं तो ऑनलाइन फॉर्म डाउनलोड करके भी भरा जा सकता है। उन्होंने बताया कि जिन मतदाताओं की मैपिंग नहीं हो सकी है उनको नोटिस के जरिए जो तिथि दी जाएगी उस तिथि पर प्रस्तुत होकर अपने दस्तावेज प्रस्तुत कर सकते हैं। 18 जनवरी को सभी मतदेय केंद्रों पर बीएलओ बैठेंगे और मतदाताओं को आलेख्य सूची पढ़कर सुनाएंगे। उप जिला निर्वाचन अधिकारी सौरभ भट्ट ने निर्देश दिया कि यह कार्रवाई मिशन मोड में कराई जाए। सभी बीएलओ पर्याप्त संख्या में फॉर्म-6, फॉर्म-7 और फॉर्म-8 सहित घोषणा पत्र उपलब्ध रखें। सभी मतदेय स्थलों पर समय पर उपस्थित रहें। पार्षद, ग्राम प्रधान, वार्ड सदस्य, बूथ लेवल एजेंट इसके लिए प्रचार-प्रसार करें।

## निमोनिया से छह माह की बच्ची और दमा से बुजुर्ग की मौत

**गाजियाबाद, यूटर्न/ 16 जनवरी।** ठंड के बढ़ते असर के बीच बच्चों और बुजुर्गों की सेहत तेजी से बिगड़ रही है। बृहस्पतिवार को निमोनिया से पीड़ित छह माह की बच्ची शिवानी और सांस की मरीज 82 वर्षीय बुजुर्ग चंद्रवती की मौत हो गई। बच्ची का इलाज पिछले कई दिनों से नेहरू नगर स्थित एक निजी चिकित्सक के यहां चल रहा था। बच्ची व बुजुर्ग महिला को उनके परिजन बृहस्पतिवार की सुबह लेकर पहुंचे थे। बृहस्पतिवार को सुबह अचानक उसकी हालत बिगड़ने पर परिजन उसे एमएमजी अस्पताल की इमरजेंसी लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद बच्ची को मृत घोषित कर दिया। बच्ची के पिता संजय ने बताया कि बच्ची को सांस लेने में काफी परेशानी हो रही थी। अस्पताल में बृहस्पतिवार को भीमनगर निवासी 82 वर्षीय बुजुर्ग महिला चंद्रवती की भी मौत हो गई।

# पूर्व कैबिनेट मंत्री महेंद्र प्रताप के घर और अन्य ठिकानों पर ईडी का छापा, बेटा बोला- ओछी हरकत

**» फरीदाबाद, यूटर्न/ 16 जनवरी।**



प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम ने बृहस्पतिवार को वरिष्ठ कांग्रेस नेता व पूर्व कैबिनेट मंत्री चौधरी महेंद्र प्रताप के फरीदाबाद स्थित घर समेत कई ठिकानों पर छापेमारी की। जांच टीम सुबह करीब 6 बजे कांग्रेसी नेता के सैनिक कॉलोनी स्थित घर पर पहुंची। टीम के साथ सीआरपीएफ के जवान भी सुरक्षा के लिहाज से मौजूद रहे। देर शाम तक कार्रवाई जारी रही।

ईडी के अधिकारियों ने कांग्रेस नेता के घर और कार्यालय के भीतर मौजूद वित्तीय दस्तावेजों, कंप्यूटर हार्ड डिस्क और डिजिटल डिवाइस की जांच की। इस दौरान घर के सभी प्रमुख दरवाजों को अंदर से बंद कर सुरक्षा बल तैनात किए गए थे। छापेमारी की खबर सुनते ही पलवल के वरिष्ठ कांग्रेस नेता व पूर्व मंत्री चौधरी करण दलाल, पृथला से मौजूदा कांग्रेस विधायक रघुबीर तेवतिया, पूर्व सांसद अवतार भड़ाना समेत अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता व नेता मौके पर पहुंचे।

एहतियात के तौर पर फरीदाबाद पुलिस की टीम भी पहुंची। इस दौरान सुरक्षा में लगे जवानों से कांग्रेस नेताओं की यहां कार्रवाई व अंदर जाने को लेकर कहासुनी भी हुई। चौधरी महेंद्र प्रताप के बेटे विवेक प्रताप ने मीडिया से बातचीत में सत्ताधारी पार्टी पर पद और जांच एजेंसियों का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया। विवेक प्रताप बोले- चाय-पानी पीकर टाइम पास कर रहे अधिकारी : महेंद्र प्रताप के बड़े बेटे विवेक प्रताप ने घर से बाहर आकर मीडिया से बात करते हुए कि सरकार विपक्ष को दबाने के लिए इस तरह की हरकत कर रही है। परिवार को बदनाम करने और परेशान करने के लिए ओछी हरकत की जा रही है। अंदर चाय-पानी पीकर ईडी के अधिकारी केवल टाइम पास कर रहे हैं।

इस दौरान सीआरपीएफ के जवानों ने उन्हें मीडिया से बात करने से रोक दिया और उन्हें जबरन अंदर खींच कर ले जाने लगे। ये देख उनके समर्थक भड़क गए और बात धक्का-मुक्की तक पहुंच गई। विवेक प्रताप ने मीडिया के समक्ष अपनी बात जारी रखते हुए कहा यह कार्रवाई राजनीति से प्रेरित है और बदले की भावना से बीजेपी सरकार ने की है।

## नोएडा में फर्जी कॉल सेंटर का भंडाफोड़, पांच गिरफ्तार; चार बैंक खाते फ्रीज

**» नोएडा, यूटर्न/ 16 जनवरी।**



नोएडा से साइबर ठगी के एक बड़े मामले का खुलासा हुआ है। थाना फेस-1 पुलिस ने मैनुअल इंटेलिजेंस और गोपनीय सूचना के आधार पर रियल एस्टेट निवेश और बीमा पॉलिसी को कम समय में मैच्योर कराने के नाम पर लोगों से धोखाधड़ी करने वाले फर्जी कॉल सेंटर का पदार्फाश किया है। इस कार्रवाई में पुलिस ने पांच साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है, जबकि बड़ी मात्रा में इलेक्ट्रॉनिक उपकरण और कॉल डाटा भी बरामद किया गया है। पुलिस के अनुसार, शुक्रवार को डी-16, सेक्टर-6 स्थित एक मकान में संचालित इस फर्जी कॉल सेंटर पर छापा मारा गया।

मौके से अनुज, राकेश कुमार, मनीष मंडल, शुभम सक्सेना और शहजाद अहमद को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के कब्जे से एक लैपटॉप, सात स्मार्ट मोबाइल फोन, नौ की-पैड मोबाइल फोन, एक प्रिंटर मशीन और 45 कॉल डाटा शीट बरामद की गई हैं। इसके साथ ही साइबर ठगी से जुड़े चार बैंक खातों को फ्रीज कराया गया है, जिनमें लगभग 80 हजार रुपये की राशि जमा पाई गई।

पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि वे देश के विभिन्न राज्यों में रहने वाले लोगों को फोन कर लैप्स बीमा पॉलिसी का पैसा वापस दिलाने, लोन दिलाने और रियल एस्टेट में सुरक्षित निवेश का झांसा देते थे। पीड़ितों से 5,000 रुपये से लेकर एक लाख रुपये तक की रकम निवेश के नाम पर ली जाती थी। ठगी से प्राप्त धनराशि फर्जी बैंक खातों में ट्रांसफर कराई जाती और बाद में आपस में बांट ली जाती थी। पुलिस को आरोपियों के लैपटॉप से ठगी से संबंधित विस्तृत डाटा शीट भी मिली है, जिससे कई अन्य मामलों के खुलासे की संभावना जताई जा रही है।

पुलिस जांच में यह भी सामने आया है कि आरोपियों के खिलाफ देश के अलग-अलग राज्यों से राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल पर शिकायतें दर्ज हैं। थाना फेस-1 में इस मामले में बीएनएस की विभिन्न धाराओं और आईटी एक्ट की धारा 66डी के तहत मुकदमा दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

पुलिस ने लोगों से अपील की है कि बीमा पॉलिसी या निवेश को कम समय में मैच्योर कराने के नाम पर आने वाले कॉल, मैसेज या ई-मेल से सतर्क रहें। किसी भी अनजान व्यक्ति को ओटीपी, बैंक विवरण या कार्ड संबंधी जानकारी साझा न करें। साइबर ठगी की आशंका होने पर तुरंत साइबर हेल्पलाइन 1930 पर सूचना दें या शिकायत दर्ज कराएं।

## ईएसआईसी मेडिकल कॉलेज में किडनी मैचिंग की प्रक्रिया होगी तेज

**फरीदाबाद, यूटर्न/ 16 जनवरी।** ईएसआईसी मेडिकल कॉलेज व अस्पताल में किडनी रोगियों के लिए शुरू की जा रही नई सुविधाओं से आने वाले समय में किडनी प्रत्यारोपण के मामलों में उल्लेखनीय वृद्धि होने की उम्मीद है। अस्पताल में अब ह्यूमन ल्यूकोसाइट एंटीजन (एचएलए) टेस्ट की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है, जिससे डोनर और मरीज की किडनी मैचिंग की प्रक्रिया तेज होगी और ट्रांसप्लांट में होने वाली देरी काफी हद तक खत्म हो जाएगी।

अस्पताल में रोजाना 100 से अधिक किडनी मरीज ओपीडी में इलाज के लिए पहुंचते हैं और सभी जरूरी औपचारिकताएं पूरी होने के बाद प्रत्यारोपण किए जाते हैं। अभी तक एचएलए जांच के लिए मरीजों के सैंपल निजी लैब में भेजने पड़ते थे, जिससे रिपोर्ट आने में तीन से चार दिन लग जाते थे और प्रत्यारोपण की प्रक्रिया रुक जाती थी। अब यह जांच अस्पताल में ही हो सकेगी और रिपोर्ट मात्र एक दिन में मिलने से ट्रांसप्लांट की गति बढ़ेगी, जिससे अधिक मरीजों का समय पर ऑपरेशन संभव हो पाएगा। किडनी रोग विशेषज्ञ डॉ. जितेंद्र कुमार ने बताया कि जिले में करीब 3.50 लाख लोग किसी न किसी रूप में किडनी रोग से पीड़ित हैं और लगभग 16 प्रतिशत आबादी को किडनी से जुड़ी समस्या है। उन्होंने कहा कि डायबिटीज और उच्च रक्तचाप के बढ़ते मामलों के कारण किडनी रोगियों की संख्या लगातार बढ़ रही है, ऐसे में ईएसआईसी में सुविधाओं का विस्तार बेहद जरूरी था। उन्होंने यह भी बताया कि अस्पताल में अब रोबोटिक तकनीक से किडनी प्रत्यारोपण किया जा रहा है.

## प्रदूषण कम करने व सड़कों को साफ करने के लिए बनाया जाएगा सिटी एक्शन प्लान



**» फरीदाबाद, यूटर्न/ 16 जनवरी।**

फरीदाबाद में बढ़ते प्रदूषण, जल संकट और बुनियादी ढांचे को लेकर गुरुवार को एक अहम अंतर-एजेंसी समन्वय बैठक आयोजित की गई। मुख्यमंत्री के शहरी विकास प्रधान सलाहकार डी.एस. ढेसी की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में एफएमडीए, नगर निगम और अन्य विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों ने मौजूदा और प्रस्तावित परियोजनाओं की विस्तृत समीक्षा की।

बैठक में शहर की जल आपूर्ति को मजबूत करने के लिए 150 करोड़ रुपये की लागत से 5 नए रैनी वेल क्लस्टर बनाने की योजना पर चर्चा हुई। अधिकारियों ने बताया कि सभी मंजूरियां पूरी होने के बाद एक माह के भीतर टेंडर जारी कर दिए जाएंगे। इस परियोजना से विशेषकर एनआईटी क्षेत्र के अंतिम छोर तक पानी पहुंचाने में मदद मिलेगी।

प्रदूषण नियंत्रण को लेकर आयोग फॉर एयर क्वालिटी मैनेजमेंट के निर्देशों पर विशेष जोर दिया गया। डी.एस. ढेसी ने नगर निगम को आदेश दिए कि सड़क स्वीपिंग मशीनों के जरिए शहर की प्रमुख सड़कों पर निरंतर और व्यवस्थित सफाई योजना लागू की जाए ताकि धूल से होने वाले प्रदूषण पर काबू पाया जा सके।

सरूरपुर औद्योगिक क्षेत्र में प्रदूषण फैलाने वाली इकाइयों पर भी सख्ती देखने को मिली।

जांच के दौरान नियमों का उल्लंघन करने वाली करीब 300 इकाइयों को नोटिस जारी किए गए, जबकि कोयले पर चलने वाली इकाइयों को मौके पर ही बंद करने के आदेश दिए गए। इसके अलावा, मिर्जापुर एसटीपी, ग्रीन बेल्ट के लिए माइक्रो एसटीपी, अमृत सरोवर योजना, मास्टर सीवर नेटवर्क के एफएमडीए को हस्तांतरण और म्हारी सड़क ऐप के जरिए सड़क मरम्मत की शिकायतों के समाधान पर भी विस्तार से चर्चा हुई।

# जालसाजों ने 6 लोगों से ठग लिए 25 .34 लाख रुपये

**» फरीदाबाद, यूटर्न/ 16 जनवरी।**



साइबर ठगों ने जिले के अलग-अलग इलाके में रहने वाले 6 लोगों से 25.34 लाख रुपये ठग लिए। शिकायत देने वालों में एक महिला भी शामिल है। ठगों ने गैस कनेक्शन काटने, कंपनी में निवेश, टेलीग्राम टास्क, शेयर बाजार व आईपीओ में निवेश पर मुनाफे का झांसा देकर आदि बहानों से ये ठगी की। पुलिस प्रवक्ता यशपाल सिंह ने बताया कि साइबर क्राइम थाना एनआईटी, सेंट्रल व बल्लभगढ़ पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर मामलों में जांच शुरू की है।

पहले मामले में साइबर क्राइम थाना बल्लभगढ़ पुलिस को शिकायत सेक्टर-10 के रहने वाले अभिनव ने दी है। इनका आरोप है कि 10 जनवरी को अदानी गैस कंपनी के नाम पर ठग ने मैसेज भेजा। इसमें लिखा था कि बिल अपडेट न करने पर गैस कनेक्शन काट दिया जाएगा। मैसेज में दिए गए नंबर पर संपर्क किया तो आरोपी ने व्हाट्सएप पर लिंक भेजकर 10 रुपये की पेमेंट करने को कहा। ठगी ने धोखे से 71539 रुपये ठग लिए।

दूसरे मामले में साइबर क्राइम थाना बल्लभगढ़ पुलिस को शिकायत भाटिया कॉलोनी की रहने वाली महिला ने दी है। महिला के अनुसार शेयर बाजार के बारे में सीखने के लिए ऑनलाइन सर्च किया था। वहां मिले लिंक पर क्लिक किया तो ये एक व्हाट्सएप ग्रुप में जुड़ गई। बाद में आरोपी शेयर व आईपीओ में निवेश कराने लगे और 97 हजार रुपये निवेश कराकर रिफंड नहीं दिया।

तीसरे मामले में साइबर क्राइम थाना सेंट्रल पुलिस को शिकायत तिलपत इलाके के रहने वाले बलराम सिंह ने दी है। 19 दिसंबर को ठग ने इन्हें व्हाट्सएप मैसेज भेजकर इंटरनेशनल कंपनी पोसमार्क में निवेश पर मुनाफे का झांसा दिया। आरोपी ने 21 दिसंबर से 10 जनवरी तक 463763 रुपये निवेश करा लिए लेकिन रिफंड नहीं दिया।

चौथे मामले में साइबर क्राइम थाना सेंट्रल पुलिस को शिकायत भूपानी इलाके के रहने वाले संदीप ने दी है। आरोप है कि 7 जनवरी को इनके मोबाइल पर मैसेज में एक लिंक आया। लिंक खोला तो इनका मोबाइल हैक हो गया और इनके खाते से 1.85 लाख रुपये ट्रांसफर कर लिए गए।

## अटल मेडिकल कॉलेज छांयसा का लोक लेखा समिति ने किया निरीक्षण

**» फरीदाबाद, यूटर्न/ 16 जनवरी।**

छांयसा स्थित अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल की व्यवस्थाओं को परखने के लिए हरियाणा विधानसभा की लोक लेखा समिति ने गुरुवार को संस्थान का विस्तृत निरीक्षण किया। समिति की अध्यक्षता विधायक चौधरी अफताब अहमद ने की। निरीक्षण के दौरान समिति के सदस्यों ने ओपीडी, वार्ड, आपातकालीन सेवाओं और अन्य विभागों का दौरा कर मरीजों को मिल रही स्वास्थ्य सेवाओं, मानव संसाधन और उपलब्ध मेडिकल उपकरणों की समीक्षा की। समिति ने अस्पताल में सीटी स्कैन, एमआरआई जैसी आधुनिक जांच सुविधाओं की उपलब्धता पर विशेष जोर दिया। लोक लेखा समिति ने स्पष्ट निर्देश दिए कि आमजन को बेहतर और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं देना सरकार की प्राथमिकता है और इसमें किसी भी प्रकार की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कॉलेज प्रशासन ने समिति को आश्वासन दिया कि 30 अप्रैल तक सभी जरूरी चिकित्सा सुविधाएं चरणबद्ध तरीके से उपलब्ध करा दी जाएंगी।

# हर कहानी में पुरुष की जीत दिखाना जरूरी नहीं होता: इमरान हाशमी



हाल ही में अभिनेता इमरान हाशमी ने न सिर्फ अपनी फिल्म हक को लेकर बात की, बल्कि बॉलीवुड इंडस्ट्री में मेल एक्टर्स की सोच, उनकी असुरक्षा और मौजूदा फिल्मों के ट्रेंड पर भी खुलकर राय रखी। एक इंटरव्यू के दौरान इमरान हाशमी ने कहा कि हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में ज्यादातर मेल एक्टर्स खुद को हर कहानी में हीरो के तौर पर देखना चाहते हैं।

उनके मुताबिक, कई अभिनेता ऐसी फिल्मों से दूरी बना लेते हैं, जिनमें पुरुष किरदार को कमजोर, ग्रे या हारने वाला दिखाया गया हो। इमरान ने इसे मेल एक्टर्स की इनसिक्योरिटी बताया और कहा कि हर कहानी में पुरुष की जीत दिखाना जरूरी नहीं होता। उन्होंने माना कि इंडस्ट्री में इस सोच से बाहर निकलने की जरूरत है, ताकि कंटेंट ज्यादा ईमानदार और विविध हो सके। इसी बातचीत में इमरान ने रणबीर कपूर की फिल्म एनिमल की सफलता पर भी टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि आज के दौर में हाइपर-मर्दानी और टॉक्सिक माने जाने वाले मेल करैक्टर्स को भी दर्शकों का एक बड़ा वर्ग पसंद कर रहा है। भले ही सोशल मीडिया और कुछ तबकों में ऐसी फिल्मों की आलोचना होती हो, लेकिन सच्चाई यह है कि लोग टिकट खरीद रहे हैं। इमरान के मुताबिक, एनिमल के खिलाफ काफी नकारात्मक माहौल था, इसके बावजूद फिल्म बॉक्स ऑफिस पर चली क्योंकि बहुत से दर्शक उस किरदार से खुद को जोड़ पाए। मेल एक्टर्स की असुरक्षा पर बात करते हुए इमरान ने कहा कि बहुत कम अभिनेता हक जैसी फिल्में करने का साहस दिखाते हैं। उन्होंने अपनी पुरानी फिल्म द डर्टी पिक्चर का उदाहरण देते हुए कहा कि उन्होंने वह फिल्म इसलिए की क्योंकि उन्हें उसका विषय पसंद आया था, न कि इसलिए कि उसमें उनका किरदार कितना हीरोइक है। इमरान का मानना है कि कलाकारों को अपनी असुरक्षाओं से बाहर निकलकर ऐसे विषयों पर काम करना चाहिए, जो समाज को सोचने पर मजबूर करें। फिल्म हक की बात करें तो यह शाह बानो केस से प्रेरित है, जो मुस्लिम महिलाओं के अधिकारों से जुड़ा एक ऐतिहासिक मामला रहा है। बता दें कि बॉलीवुड अभिनेता इमरान हाशमी इन दिनों अपनी फिल्म हक को लेकर चर्चा में हैं और उनकी एक्टिंग की खूब सराहना हो रही है। इस फिल्म में यामी गौतम मुख्य भूमिका में हैं, जबकि इमरान ने उनके पति अब्बास खान का किरदार निभाया है।




# गांधी टॉक्स में काम करना चुनौतीपूर्ण और रोमांचक : अदिति राव हैदरी

अभिनेत्री अदिति राव हैदरी अपनी अपकमिंग साइलेंट फिल्म गांधी टॉक्स की रिलीज को लेकर उत्साहित हैं। इस बीच उन्होंने बताया कि फिल्म में काम करने का अनुभव चुनौतीपूर्ण और रोमांचक दोनों रहा। उन्होंने फिल्म में विजय सेतुपति के साथ स्क्रीन शेयर करने के अनुभव को शानदार बताया। किशोर पांडुरंग बेलेकर के निर्देशन में बनी यह फिल्म 30 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। अदिति ने कहा कि यह उनके लिए पहली बार विजय सेतुपति के साथ स्क्रीन शेयर करने का मौका मिला। हालांकि पहले भी कई प्रोजेक्ट्स में दोनों साथ आने वाले थे, लेकिन किसी न किसी कारण से वे पूरे नहीं हो पाए। अदिति ने बताया, हम कुछ फिल्मों में लगभग साथ काम करने वाले थे, लेकिन हर बार कुछ न कुछ हो गया और बात आगे नहीं बढ़ पाई। यह जिंक्स टूटना ही था। मुझे खुशी है कि ये एक बहुत अलग और खास फिल्म गांधी टॉक्स के साथ पूरा हुआ। उन्होंने इस फिल्म को अपनी जिंदगी के सबसे अनोखे प्रोजेक्ट में से एक करार दिया। फिल्म पूरी तरह साइलेंट है, जिसमें कोई डायलॉग नहीं हैं। अदिति ने कहा, इस फिल्म में आप बस शांत रहते हैं, देखते हैं और महसूस करते हैं। बिना डायलॉग के भी भावनाएं जाहिर करनी होती हैं, यही इसकी खूबसूरती है। यह मेरे लिए जितना चुनौतीपूर्ण था, उतनी ही रोमांचक भी। अदिति हमेशा गहरे, सच्चे और अर्थपूर्ण किरदारों वाली कहानियां चुनती हैं। उन्होंने कहा कि मेरे अंदर का पांच साल का बच्चा आज भी जिंदा है, जो सपने देखता है, उन पर भरोसा करता है और उन्हें पूरा करने की कोशिश करता है। यही सकारात्मक सोच उन्हें सही स्क्रिप्ट्स और निर्देशकों का इंतजार करने की ताकत देती है। उन्होंने कहा, मुझे अच्छी स्क्रिप्ट्स अक्सर नहीं मिलतीं, लेकिन मैं उनका इंतजार करती हूं और उन निर्देशकों का भी, जिनके साथ मैं काम करना चाहती हूं। मैं शिकायत नहीं करती, क्योंकि वो मौके आखिरकार आते ही हैं। फिल्म में अदिति राव हैदरी के साथ विजय सेतुपति, अरविंद स्वामी और सिद्धार्थ जाधव मुख्य भूमिकाओं में हैं, जबकि फिल्म के संगीत को एआर रहमान ने तैयार किया है। फिल्म 30 जनवरी को रिलीज होगी। गांधी टॉक्स के अलावा अदिति की एक और रोमांचक प्रोजेक्ट इम्तियाज अली की ओ साथी रे है, जो एक रोमांटिक ड्रामा सीरीज है। इसमें उनके साथ अर्जुन रामपाल और अविनाश तिवारी नजर आएंगे। यह सीरीज नेटफ्लिक्स पर आने वाली है और समकालीन समय में पुरानी भावनाओं वाले प्यार की कहानी कहती है।

# सर्वाधिक अर्धशतकों के मामले में संयुक्त रूप से नंबर-1 बनीं नैट साइवर-ब्रंट



**नई दिल्ली, यूटर्न/ 16 जनवरी।** मुंबई इंडियंस की दाएं हाथ की बल्लेबाज नैट साइवर-ब्रंट विमेंस प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) में सर्वाधिक अर्धशतकों के मामले में शीर्ष पायदान पर पहुंच गई हैं। अपने 10वें अर्धशतक के साथ साइवर-ब्रंट ने हरमनप्रीत कौर और मैग लेनिंग की बराबरी कर ली है। गुरुवार को डीवाई पाटिल स्पोर्ट्स एकेडमी में मुंबई यूपी वॉरियर्स के खिलाफ साइवर-ब्रंट ने 43 गेंदों में 1 छक्के और 9 चौकों के साथ 65 रन बनाए। साइवर-ब्रंट ने इस सीजन में अब तक 4, 70 और 65 रन की पारी खेली है।

एलिस पेरी इस लिस्ट में 8 अर्धशतकों के साथ दूसरे पायदान पर हैं, जबकि एश्ले गार्डनर और शेफाली वर्मा 6-6 अर्धशतकों के साथ संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर हैं। मुंबई इंडियंस ने 5 विकेट खोकर 161 रन बनाए। इस टीम के लिए नैट साइवर ब्रंट ने 43 गेंदों में 1 छक्के और 9 चौकों के साथ 65 रन की पारी खेली, जबकि निकोला कैरी ने नाबाद 32 रन बनाए। विपक्षी खेमे से शिखा पांडे, दीप्ति शर्मा, सोफी एक्लेस्टोन और आशा जॉय ने 1-1 विकेट निकाला।

इसके जवाब में यूपी वॉरियर्स ने 18.1 ओवरों में 7 विकेट शेष रहते जीत दर्ज कर ली। इस टीम से हरलीन देओल ने 39 गेंदों में 12 चौकों की मदद से नाबाद 64 रन बनाए। कप्तान मैग लेनिंग ने 25 रन का योगदान टीम के खाते में दिया। फोएबे लिचफील्ड ने 25 रन जुटाए। इनके अलावा, क्लो ट्रायोन ने 27 रन की नाबाद पारी खेलते हुए टीम को 11 गेंदें शेष रहते जीत दिलाई। मुंबई की तरफ से साइवर-ब्रंट ने 2 विकेट हासिल किए। इनके अलावा, अमेलिया केर ने 1 विकेट निकाला। प्वाइंट्स टेबल पर नजर डालें, तो रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु दोनों मैच जीतकर टॉप पर है, जबकि मुंबई इंडियंस 4 में से 2 मैच जीतकर दूसरे स्थान पर है।

# मांजरेकर के एकदिवसीय प्रारुप को आसान कहने से सहमत नहीं हैं हरभजन

» **मुम्बई , यूटर्न/ 16 जनवरी।**

पूर्व स्पिनर हरभजन सिंह ने कहा है कि कोई भी प्रारुप आसान नहीं होता है। हरभजन ने ये बात पूर्व बल्लेबाज संजय मांजरेकर के उस बयान को लेकर दी है। जिसमें उन्होंने कहा था कि विराट कोहली को टेस्ट क्रिकेट से संन्यास नहीं लेना चाहिये था। साथ ही कहा कि एकदिवसीय प्रारुप आसान होने के कारण ही विराट उसमें खेल रहे हैं। वहीं हरभजन ने मांजरेकर के इस बयान को खारिज करते हुए कहा है कि ये उनके निजी विचार हो सकते हैं। कोई भी प्रारुप आसान नहीं होता। अगर ऐसा होता तो कोई भी एकदिवसीय में रन बना लेता।

इस पूर्व स्पिनर ने कहा कि किसी भी फॉर्मेट में रन बनाना आसान नहीं होता। उन्होंने कहा, अगर किसी प्रारुप में रन बनाना इतना ही आसान होता तब तो हर कोई रन बनाता ये मायने नहीं रखता कि कौन किस प्रारुप में खेल रहा है। जहां तक विराट की बात है वह एक प्रारुप में खेलें या सभी में, वह एक शानदार खिलाड़ी हैं और भारत के लिए लंबे समय से मैच विजेता रहे हैं। हरभजन ने कहा कि अपने प्रदर्शन से विराट अगली पीढ़ी को प्रेरित करते हैं। मांजरेकर के सोचने का अपना तरीका हो सकता है पर मैं मानता हूं कि विराट और एकदिवसीय प्रारुप में खेल रहे खिलाड़ियों ने इस खेल को आगे बढ़ाने में बड़ी भूमिका निभाई है। विराट एक अविश्वसनीय खिलाड़ी हैं। यहां तक कि अगर आज भी वह टेस्ट क्रिकेट खेलते तो वह हमारे मुख्य खिलाड़ी होते।वहीं इससे पहले मांजरेकर ने कहा था कि विराट अपनी कमियों, समस्याओं पर काम करने की जगह पर टेस्ट से दूर हो गये। उन्होंने कोहली के टेस्ट पर एकदिवसीय को रखने पर भी नाराजगी जताई। मांजरेकर ने कहा था, जैसे जो रूट टेस्ट क्रिकेट में नई ऊंचाई हासिल कर रहे हैं, विसा ही विराट भी कर सकते थे।





# लीजा रे ने आखिर क्यों बनाई थी बॉलीवुड से दूरी ? 25 साल बाद एक्ट्रेस ने खोला राज

बॉलीवुड अभिनेत्री लीजा रे ने मॉडलिंग से अपने करियर की शुरुआत की और फिर 1994 में फिल्म हंसते खेलते से एक्टिंग में कदम रखा। इसके बाद उन्होंने कई सफल फिल्मों में काम किया, जिनमें कसूर, बॉलीवुड/हॉलीवुड और 2005 में ऑस्कर नामांकित वॉटर शामिल हैं। उनकी इमेज हमेशा ग्लैमरस और दमदार अदाकारा की रही, लेकिन 2001 में अपने करियर के सबसे ऊंचे मुकाम पर उन्होंने अचानक बॉलीवुड से दूरी बना ली। उन्होंने अब अपने इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए बताया कि आखिर उन्होंने ऐसा फैसला क्यों लिया था। इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए लीजा रे ने कहा कि वह खुद को इंडस्ट्री में उस तरह नहीं देख पा रही थीं, जैसे वह वास्तव में थीं। उन्होंने कहा, मुझे सिर्फ सुंदर मॉडल के रूप में देखा जा रहा था। इन सब में उनकी असली आवाज और व्यक्तित्व दबा दिया गया था। इस दौरान मेरे पास कई फिल्मों के ऑफर थे, लेकिन मैंने प्रसिद्धि के बजाय खुद को जानने और समझने के लिए समय देना चुना। उन्होंने कहा, ह्यह्रअपने ब्रेक के दौरान मैं लंदन चली गई और वहां एक कॉलेज में रहकर शेक्सपियर और कविता का अध्ययन किया। मैंने म्यूजियम और कला के बीच समय बिताया और बौद्ध धर्म-योग के बारे में जाना।

यूटर्न टाइम THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

## फटाफट खबरें

### टर्किश एयरलाइंस में बम की खबर से हड़कंप, बार्सिलोना में कराई इमरजेंसी लैंडिंग

**बार्सिलोना, यूटर्न/ 16 जनवरी।** टर्किश एयरलाइंस की एक अंतरराष्ट्रीय उड़ान में यात्रियों और क्रू मेंबर्स के होश उड़ गए जब उड़ान के दौरान अचानक बम होने की सूचना मिली। विमान अपनी निर्धारित ऊंचाई पर उड़ान भर रहा था कि तभी यह धमकी मिली, जिससे उड़ान में तनावपूर्ण माहौल पैदा हो गया। धमकी मिलते ही पायलट ने तुरंत एटीसी से संपर्क कर नजदीकी एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग की अनुमति मांगी। बार्सिलोना एयरपोर्ट पर विमान को अलग रनवे पर उतारा गया, जहां पहले से ही सुरक्षा एजेंसियां और फायर टेंडर तैनात थे। यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सभी को विमान से सुरक्षित क्षेत्र में ले जाया गया। विमान में बम निरोधक दस्ते और डॉग स्क्वायड ने पूरी तलाशी ली। सीटों, सामान और विमान के कोनों की बारीकी से जांच की गई। घंटों की जांच के बाद पुष्टि हुई कि विमान में कोई विस्फोटक या संदिग्ध वस्तु नहीं थी। यह धमकी महज एक फर्जी कॉल साबित हुई। घटना के कारण यात्रियों को एयरपोर्ट पर घंटों इंतजार करना पड़ा और विमान की अगली उड़ान में भी देरी हुई।

+++++++++++

### भाजपा ने सीएम भगवंत मान के खिलाफ मोर्चा खोला

**चंडीगढ़, यूटर्न/ 16 जनवरी।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सुनील जाखड़ के नेतृत्व में पार्टी के वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता सेक्टर 37 स्थित कार्यालय से मुख्यमंत्री आवास की ओर रोष मार्च निकालेंगे। मार्च का उद्देश्य पंजाब में बिगड़ती कानून-व्यवस्था और मुख्यमंत्री से जुड़े वायरल वीडियो के मामले में सरकार से जवाबदेही लेना है। भाजपा ने डीजीपी को पत्र लिखकर मुख्यमंत्री से जुड़े कथित वीडियो की स्वतंत्र फॉरेंसिक जांच की मांग की है। पार्टी का आरोप है कि वीडियो में श्री गुरु नानक देव जी के प्रति आपत्तिजनक आचरण दिखाया गया है। भाजपा का कहना है कि यदि वीडियो सही पाया गया तो मुख्यमंत्री को पद पर बने रहने का अधिकार नहीं है। भाजपा प्रवक्ता प्रितपाल सिंह बलियावाल का कहना है कि पंजाब में सरेआम हत्याएं हो रही हैं और गैंगस्टरों का राज चल रहा है। भाजपा ने जालंधर पुलिस द्वारा आतिशी के वीडियो को क्लीन चिट देने और पटियाला एसएसपी से जुड़े वीडियो की रिपोर्ट सार्वजनिक न करने पर भी आपत्ति जताई है। पार्टी की मांग है कि सभी वीडियो की पारदर्शी और स्वतंत्र जांच कराई जाए।

### जापान तट के पास अमेरिकी लड़ाकू विमान रडार से गायब

**जापान, यूटर्न/ 16 जनवरी।** जापान के उत्तरी तट के पास अमेरिकी वायुसेना का एक एफ-35ए लड़ाकू विमान रडार से गायब हो गया। फ्लाइटरडार24 सेवा के अनुसार, यह घटना शुक्रवार को उस समय हुई जब विमान ने आपातकालीन संकेत (डिस्ट्रेस सिग्नल) भेजा था। फ्लाइटरडार 24 के आंकड़ों के मुताबिक, लॉकहीड मार्टिन का एफ-35ए लाइटनिंग-दो, लड़ाकू विमान जापान सागर के उत्तरी हिस्से से उड़ान भरकर आओमोरी शहर के दक्षिण में जमीनी हिस्से के ऊपर से पूर्व दिशा में गया और फिर उत्तर-पूर्व की ओर मुड़ गया। भारतीय समयानुसार लगभग 03:09 जीएमटी पर यह विमान रडार से ओझल हो गया।

## फोटो स्टोरी



कीव में रुस के हमले के बीच ही यूक्रेन के नेशनल बैंक के गवर्नर एंड्रीयी पायसनेयी और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की निदेशक क्रिस्टीयलना ग्रियोरगिवेवा वॉल ऑफ रिमैंबरेंस पहुंचे।

## संयुक्त राष्ट्र ने गाजा युद्धविराम के दूसरे चरण की शुरुआत का किया स्वागत



**संयुक्त राष्ट्र, यूटर्न/ 16 जनवरी।** संयुक्त राष्ट्र ने अमेरिका की ओर से घोषित गाजा संघर्ष विराम के दूसरे चरण की शुरूआत का स्वागत किया है। संयुक्त राष्ट्र महासचिव के उप-प्रवक्ता फरहान हक ने कहा कि कोई भी ऐसा कदम जो नागरिकों की पीड़ा को कम करता है और रिकवरी में मदद करता है, उसे यूएन एक सकारात्मक पहल मानता है। संयुक्त राष्ट्र महासचिव के उप-प्रवक्ता फरहान हक ने अपने एक बयान में कहा, 14 जनवरी को राष्ट्रपति ट्रंप की 20 सूत्रीय योजना के दूसरे चरण की शुरूआत की घोषणा एक महत्वपूर्ण कदम है। इसमें गाजा में एक संक्रमणकालीन तकनीकी फिलिस्तीनी प्रशासन और गाजा प्रशासन के लिए राष्ट्रीय समिति की स्थापना शामिल है।

## डच शहर के उट्रेच में विस्फोट होने से लगी आग, चार लोग घायल

» **द हेग, यूटर्न/ 16 जनवरी।**



डच शहर उट्रेच में गुरुवार दोपहर एक विस्फोट के बाद आग लगने की घटना में चार लोग घायल हो गए।

स्थानीय अधिकारियों ने इसकी पुष्टि की है। उट्रेच की मेयर शैरन डाइकस्मा ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि विस्फोट में घायल दो लोगों का इलाज मौके पर ही एंबुलेंस कर्मियों द्वारा किया गया, मामूली चोटों वाले एक व्यक्ति को अस्पताल ले जाया गया, जबकि चौथा व्यक्ति एक राहगीर है, जिसे घायल होने के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया।

उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति गंभीर रूप से घायल नहीं है और किसी के लापता होने की सूचना नहीं है।

उट्रेच सेफ्टी रीजन ने बताया कि शहर के केंद्र में लगी आग पर काबू पा लिया गया है।

विशेषज्ञ टीमें मलबे के नीचे किसी के दबे होने की जांच शुरू कर रही हैं, हालांकि अधिकारियों को किसी पीड़ित के मिलने की उम्मीद नहीं है।

विस्फोट से आस-पास की कई इमारतों को भारी नुकसान पहुंचा है।

डच सार्वजनिक प्रसारक एनओएस के अनुसार, स्थानीय समयानुसार लगभग दोपहर 3:30 बजे एक जोरदार विस्फोट की आवाज सुनी गई, जिसके बाद एक आवासीय इमारत में भीषण आग लग गई।

मेयर डाइकस्मा ने कहा कि विस्फोट से पहले गैस रिसाव हुआ था, हालांकि यह स्पष्ट नहीं है कि किस वजह से हुई। उन्होंने पुष्टि की कि गैस रिसाव को सील कर दिया गया है। उन्होंने कहा, सभी संभावित परिदृश्यों की जांच की जा रही है। हालांकि, इस समय किसी आपराधिक कृत्य की संभावना नहीं दिखती।

## ग्रीनलैंड को हासिल करना राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए अतिआवश्यक: अमेरिका

» **वॉशिंगटन, यूटर्न/ 16 जनवरी।**

अमेरिका के राष्ट्रपति कार्यालय व्हाइट हाउस ने गुरुवार को कहा है कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ग्रीनलैंड को राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए अतिआवश्यक मानते हैं और इसे हासिल करने के लिए प्रबल उत्सुक हैं। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलीन लेविट ने संवाददाताओं से कहा, राष्ट्रपति ट्रम्प ने अपनी प्राथमिकता बिल्कुल स्पष्ट कर दी है। वह चाहते हैं कि अमेरिका ग्रीनलैंड को हासिल करे। उनका मानना है कि ऐसा करना हमारी राष्ट्रीय सुरक्षा के सर्वोत्तम हित में है। व्हाइट हाउस की यह टिप्पणी अमेरिका, डेनमार्क और ग्रीनलैंड के अधिकारियों के बीच हुई सीधी बातचीत के बाद आई है। यह बातचीत ग्रीनलैंड पर नियंत्रण पाने की राष्ट्रपति ट्रम्प की महत्वाकांक्षा को लेकर हुई थी। गौरतलब है कि ग्रीनलैंड डेनमार्क का एक अर्ध-स्वायत क्षेत्र है। डेनमार्क के विदेश मंत्री लार्स लोके रासमुसेन ने कहा कि बुधवार को वॉशिंगटन में ग्रीनलैंड के उनके समकक्ष, अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस और विदेश मंत्री मार्को रुबियो के साथ हुई चर्चा मुख्य मतभेदों को सुलझाए बिना समाप्त हो गई। उन्होंने कहा कि एक मौलिक असहमति बनी हुई है। श्री रासमुसेन ने कहा कि हम अमेरिका की स्थिति को बदलने में कामयाब नहीं हुए। उन्होंने हालांकि यह भी रेखांकित किया कि यह अप्रत्याशित भी नहीं था।

## इस्लामाबाद में अफगान शरणार्थियों की धरपकड़ तेज, अस्थायी शिविरों में भेजे गए

» **काबुल, यूटर्न/ 16 जनवरी।**

पाकिस्तान की पुलिस ने इस्लामाबाद में अफगान शरणार्थियों की गिरफ्तारी तेज कर दी है और निर्वासन अभियान के तहत दर्जनों लोगों को, जिनमें एक पत्रकार भी शामिल है, अस्थायी शिविरों में भेज दिया गया है। स्थानीय मीडिया ने यह जानकारी दी।

अफगानिस्तान की प्रमुख समाचार एजेंसी खामा प्रेस ने इस्लामाबाद के सूत्रों के हवाले से बताया कि पाकिस्तानी पुलिस अफगान शरणार्थियों और शरण मांगने वालों को गिरफ्तार कर जबरन देश से बाहर भेज रही है, जिससे पहले से विस्थापित समुदायों पर दबाव और बढ़ गया है।

रिपोर्ट के अनुसार, बुधवार को पुलिस ने इस्लामाबाद के बी-17 इलाके से कई अफगान शरणार्थियों को हिरासत में लिया और उन्हें हाजी कैंप नामक अस्थायी शिविर में स्थानांतरित कर दिया। सूत्रों ने बताया कि गिरफ्तार किए गए लोगों में एक पत्रकार भी शामिल है, जिससे पाकिस्तान में प्रेस स्वतंत्रता और मीडिया कर्मियों के साथ व्यवहार को लेकर गंभीर चिंताएं पैदा हो गई हैं। इससे पहले भी अफगान शरणार्थियों ने पाकिस्तानी पुलिस



पर उत्पीड़न, जबरन वसूली और मनमाने छापों के आरोप लगाए हैं।

खासकर फैसल टाउन जैसे इलाकों में पुलिसकर्मियों द्वारा कथित तौर पर चौबीसों घंटे अभियान चलाए गए, जिनमें कई बार वे सिविल कपड़ों में नजर आए। मानवाधिकार कार्यकर्ताओं का कहना है कि इस तरह की कार्रवाइयों से शरणार्थियों में डर का माहौल बन गया है। इनमें से कई लोग वर्षों से पाकिस्तान में रह रहे हैं और उनके पास कोई कानूनी सुरक्षा नहीं है।

मानवाधिकार संगठनों ने बार-बार पाकिस्तान से कानूनी प्रक्रिया और अंतरराष्ट्रीय शरणार्थी दायित्वों का पालन करने की अपील की है। उनका कहना है कि जबरन निर्वासन अफगान शरणार्थियों को गंभीर खतरों के सामने ला सकता है।

पिछले सप्ताह प्रमुख मानवाधिकार संगठन एमनेस्टी इंटरनेशनल ने पाकिस्तानी सरकार से अपने देश में रह रहे अफगान शरणार्थियों को उत्पीड़न और सुरक्षा एजेंसियों द्वारा अवैध यातनाओं से बचाने की अपील की थी। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ को लिखे एक खुले पत्र में संगठन ने वहां रह रहे अफगान शरणार्थियों की अवैध हिरासत, उत्पीड़न और निर्वासन पर गहरी चिंता जताई और कहा कि वे बेहद संवेदनशील स्थिति में हैं तथा राज्य संरक्षण के हकदार हैं।

## ब्रिटेन की संसद में गूंजा बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों की हत्या का मुद्दा

### बॉब ब्लैकमैन ने सरकार से पूछा सवाल

» **लंदन, यूटर्न/ 16 जनवरी।**

यूनाइटेड किंगडम कंजर्वेटिव पार्टी के नेता और सांसद बॉब ब्लैकमैन ने बांग्लादेश के मौजूदा खराब हालात पर गहरी चिंता जाहिर की है। यूनुस की अंतरिम सरकार में बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के खिलाफ हिंसा में तेजी से बढ़ोतरी देखी गई है। ब्रिटेन के सांसद ने अल्पसंख्यकों के खिलाफ बढ़ती हिंसा का जिक्र किया, जहां सड़कों पर हिंदुओं की हत्या की जा रही है, उनके घरों और मंदिरों में आग



लगाई जा रही है और दूसरे धार्मिक अल्पसंख्यकों के साथ भी ऐसी ही हिंसा हो रही है। हाउस ऑफ कॉमन्स में बोलते हुए बॉब ब्लैकमैन ने कहा कि छुट्टी से पहले एडजर्नमेंट डिबेट में मैंने बांग्लादेश के हालात पर सवाल उठाए और हाउस के लीडर ने बिल्कुल सही तरीके से वहां की खतरनाक स्थिति के बारे में विदेश सचिव को लिखा।

ब्रिटिश सांसद ने चेतावनी दी कि बांग्लादेश में 12 फरवरी को होने वाले चुनाव लोकतांत्रिक चिंताओं के बीच हो रहे हैं, जिसमें बड़े राजनीतिक दल अवामी लीग को हिस्सा लेने से बैन कर दिया गया, जबकि ओपिनियन पोल में उसे लगभग 30 फीसदी वोट मिले हैं। इसी तरह, इस्लामिक कट्टरपंथियों ने एक रेफरेंडम की मांग की है जिससे बांग्लादेश का संविधान हमेशा के लिए बदल जाएगा। ब्लैकमैन ने अगले हफ्ते ब्रिटेन के विदेश सचिव से एक बयान की भी मांग की जिसमें बताया जाए कि ब्रिटेन सरकार बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों की सुरक्षा के लिए क्या कदम उठाएगी और साउथ एशियन देश में निष्पक्ष, स्वतंत्र और सबको साथ लेकर चलने वाले चुनाव पक्के करने के लिए क्या कदम उठाएगी।

अपने संयुक्त बयान में, अलग-अलग दलों के ब्रिटिश सांसदों (जिनमें बॉब ब्लैकमैन, जिम शैनन, जस अठवाल और क्रिस लॉ शामिल थे) ने जोर दिया कि अंतरिम सरकार को बांग्लादेशी वोटरों पर ऐसी रोक नहीं लगानी चाहिए थी और चेतावनी दी कि बड़ी राजनीतिक दलों को छोड़कर किसी भी चुनाव को लोकतांत्रिक नहीं माना जा सकता।

Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, C/O Ummpl Marketing Pvt. 194-G, Sector 63, Noida 201307, Editor: Sandeep Sharma
Contact - +91 9888200619

* तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आर.बी.एक्ट. के तहत जिम्मेवार *